

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 01 अंकः 298 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 05 अगस्त 2022 vatankiawaz@gmail.com पेजः 12 मूल्य 05 रुपया

## भोजपुरी अभिनेता रितेश पांडे अपनी नई वेब सीरीज का प्रमोशन करने पहुंचे बिहटा

**दैनिक समाज जागरण**
**सत्येंद्र कुमार /बिहटा**



बिहटा के कनौहली बाजार के नजदीक हंगामा वर्ल्ड वाटर पार्क में लंका में डंका वेब सीरीज का 7 अगस्त शाम 6 रिलीज होने वाला है,इस वेब सीरीज के परमोसन को लेकर भोजपुरी के सुपर स्टार रितेश पांडे जी का आगमन हुआ वही उन्होंने ये कहा की आप इस वेब सीरीज के चौपाल एप पर देख सकते है इस पर रिलीज होगा,वही मीडिया से बात करते हुए भोजपुरी जगत के तीन दिग्गजों के बारे में बताया की आज हमारे भोजपुरी जगत के तीन सुपर स्टार आज संसद में अपनी आवाज को बुलंद कर रहे है, वहीं उनके साथ सेल्फी लेने केलिए उनके फैन की लंबी कतार दिखी,वही रितेश पांडे ने कहा की हम पटना ही के है,और पटना जिला से हमेशा ही लोगो ने मुझे बहुत सारा प्यार दिया है।

## जहानाबाद पीएनबी ने 169 समूहों के दीदियों के बीच किया 12 करोड़ 87 लाख के ऋण स्वीकृत एवं वितरित।

**दैनिक समाज जागरण**
**जहानाबाद से बरुण कुमार**



जहानाबाद जिला स्थापना सप्ताह के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए पीएनबी की शाखाओं ने जीविका गठित स्वयं सहायता समूह की 169 समूहों के दीदियों के साथ-साथ अन्य लाभुकों के बीच कुल 12 करोड़ 87 लाख के ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया। स्वयं सहायता समूह ऋण स्वीकृति सह वितरण एवं वित्तीय समावेशन शिविर का विधिवत उद्घाटन, प्रखंड कार्यालय अवस्थित सभागार में जिलाधिकारी रिची पाण्डेय, पीएनबी गया के मंडल प्रमुख विवेक कुमार सिंह, बीडीओ, सहायक महाप्रबंधक सत्येंद्र कुमार मिश्रा, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका रागिनी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर शिविर में जिले में कार्यरत सभी पीएनबी की शाखाओं ने जीविका द्वारा गठित 169 स्वयं सहायता समूहों की दीदीयों को 8 करोड़ 78 लाख एवं जिले के अन्य 30 लाभुकों के बीच पीएनबी ने विभिन्न योजनाओं मे 4 करोड़ 9 लाख के ऋण समेत कुल 12 करोड़ 87 लाख रुपये के ऋण स्वीकृत व वितरित किये। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने जीविका दीदीयों का आभार प्रकट करते हुए आग्रह किया कि जीविका दीदियां बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल जीवन हरियाली तथा स्वच्छता अभियान कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए घर-घर जायें और जन-जन को जागरूक करें। साथ ही बैंक के द्वारा लिए गए ऋण को समय से चुकाएं। जिलाधिकारी ने बैंक के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए आगे भी ऐसे शिविर का आयोजन करते रहने का निदेश दिया ताकि जिले का सीडी रेशियो बढ़ सके। समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए मंडल प्रमुख विवेक कुमार सिंह ने कहा कि अग्रणी बैंक होने के नाते हमारा बैंक हमेशा जीविका दीदियों एवं जिलावासियों को आगे बढ़कर वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रयास करता रहेगा।इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार, जीविका जिला परियोजना प्रबंधक बीरेन्द्र कुमार, माइक्रो फाइनान्स प्रबंधक, शाखाओं के शाखा प्रबंधक, प्रियंका, सत्यजीत समेत सैंकड़ों जीविका दीदी उपस्थित थे।

## जहानाबाद डीएम ने इंद्रपुर एवं सोलहंडा गांव में कृषि कार्य का किया निरीक्षण।

**दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से बरुण कुमार**

जहानाबाद जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने गुरुवार को



सोलहंडा पंचायत के इंद्रपुर एवं सोलहंडा गांव का निरीक्षण किया इस दौरान जिलाधिकारी ने दोनों गांव के कृषि संबंधित योजनाओं की जानकारी ली एवं गांव में हुए धान की रोपनी की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने पंचायत में निमार्णाधीन ट्यूबेल की जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने कई ट्यूबेल पर जाकर उसका जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को जानकारी हुई कि पंचायत में 11 निमार्णाधीन ट्यूबेल है लेकिन एक भी चालू नहीं हुआ है। वहीं नहर एवं पोखर भी सूखा हुआ है। जिलाधिकारी के समक्ष आवास योजना के लिए एक शिकायत मिली जिस पर उन्होंने मौजूद मखदुमपुर बीडीओ को जल्द निपटारा करने का निर्देश देते हुए फटकार भी लगाया। निरीक्षण के दौरान पंचायत में धान की रोपनी बिजली की स्थिति खाद की उपलब्धता एवं कई योजनाओं की जानकारी ली। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह, बीपीआरओ अभिषेक कुमार जेई रंजीत कुमार के अलावा कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## नोएडा सेक्टर 110: खाली पड़े मकान बना शराबी नशेरियों का अड्डा।

**नोएडा समाज जागरण**



नोएडा महर्षि आश्रम सेक्टर 110 के सामने रोड पार खाली पड़े खंडहर सा मकान है जो आज कल शराबी नशेरी और जुआरियों के लिए अड्डा बना हुआ है। सुबह से शाम तक वहाँ पर शराब तथा ड्रग्स के सेवन करने वालों का तांता लगा रहता है। नाम न बताने के शर्त पर एक महिला ने बतायी कि यहाँ से गुजरते हुए भी उनको डर लगता है। जबकि यहाँ से लोगों का आना जाना लगा रहता है। यहाँ से बच्चे का आना जाना होता है। मजा तो पास में ही खड़े रेहड़ी पटरी वालों को है मुंह मांगे दाम पर नमकीन बेचने का मौका जो मिलता है।
लेकिन इन सबसे नोएडा पुलिस अनजान बनी हुई है। जबकि यहाँ से मात्र 100 मीटर की दूरी पर नोएडा सेक्टर 110 की पुलिस चौकी है। यहाँ से 500 मीटर की दूरी पर भंगेल चौकी है। सबसे बड़ी बात यहा से 500 मीटर की दूरी पर ही नोएडा पुलिस कमीशनरेट की आफिस भी मौजूद है। अनजान पुलिस दिन रात यही से गुजरती है लेकिन इन सब बातों से कोई फर्क नही पड़ता है। बताते चले कि इन खाली पड़े मकान के बराबर में ही मंदिर भी मौजूद है।

# एयरपोर्ट पर कूड़ेदान में पड़ा था इतना सोना, कीमत जानकर रह जाएंगे हैरान

**लखनऊ एयरपोर्ट पर तस्कर ने गिरफ्तारी से बचने के लिए सोने की 6 छड़ों को कूड़ेदान में फेंक दिया था. हालांकि कस्टम के अधिकारी अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इसमें शामिल लोगों की तलाश में जुट गए हैं.**



सोने की तस्करी के लिए लोग नई-नई तरह की तरकीब अपनाते हैं. शरीर के भीतर सोने की रॉड या फिर गोल्डन बिस्किट के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं लेकिन इस बार लखनऊ एयरपोर्ट से एक चौंकाने वाला केस सामने आया है. एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों को कूड़ेदान में सोने की 6 रॉड मिली हैं, यह सोना पकड़े जाने से डर से आव्रजन इलाके के पास डाल दिया गया था. लेकिन अब तक इसे लेकर कोई दावा नहीं किया गया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

### कूड़े में पड़ा था 36 लाख का सोना

चौधरी चरण सिंह इंटरनेशन एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने यह मामला पकड़ा है. सोने की इन छह छड़ों को काले टेप से लपेटा गया था, जिसे एक काले रंग की पॉलीथिन में छिपाया गया था और फिर एयरपोर्ट पर आव्रजन क्षेत्र के पास कूड़ेदान में फेंक दिया गया था. जब्त की गई सोने की छड़ों की कीमत बाजार में 36.60 लाख रुपये के करीब है. अधिकारी अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं ताकि पता लगाया जा सके कि कूड़ेदान में सोना किसने डाला था. मामले की जांच की जा रही है और एयरपोर्ट के कुछ कर्मचारी भी जांच के घेरे में हैं.

कस्टम अधिकारियों का कहना है इस घटना के पीछे एयरपोर्ट के किसी कर्मचारी का हाथ भी हो सकता है क्योंकि कोई शख्स इन सोने की छड़ों को तभी ऐसे कूड़ेदान में फेंक सकता है, जब उसे पता हो कि बाद में वह सोने को यहां से आसानी से ले जा पाएगा. शुरूआती जांच में साफ है कि इस सोने को तस्करी के जरिए ही लाया गया था और गिरफ्तारी से बचने के लिए इसे लावारिस फेंक दिया गया था.

### टॉयलेट में सोना छोड़ गए तस्कर

पिछले दिनों चेन्नई एयरपोर्ट से भी ऐसा ही मामला सामने आया था जहां एक इंटरनेशनल फ्लाइट के टॉयलेट में एक किलो सोने की रॉड मिली थी. तस्कर ने गिरफ्तारी के डर से इसे फ्लाइट में ही छोड़ दिया था. जानकारी के मुताबिक इस सोने की रॉड की कीमत 45 लाख के करीब थी. बीती 4 जून को भी दुबई से आई एक फ्लाइट के टॉयलेट में 9 किलोग्राम सोना बरामद हुआ था जिसकी कीमत 4.5 करोड़ से ज्यादा थी.

## केंद्र में अब एक नहीं 2 के फिराक में नीतीश, क्या होगा मंसूबा पूरा

**पटना से(बिहार हेड) समाज जागरण**



पटना : ,आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के उपरांत एक बार फिर से मोदी कैबिनेट का विस्तार होना है। क्योंकि अभी कई पदों पर अन्य मंत्री प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। हालांकि, मोदी कैबिनेट विस्तार का कब होगा उसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।
लेकिन, ऐसी उम्मीद जताई जा रही है फिलहाल भाजपा के तमाम बड़े नेता आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में व्यस्त हैं यह कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कैबिनेट का विस्तार हो सकता है। लेकिन, इस बार कैबिनेट विस्तार में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या वापस से जदयू केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होगा या नहीं क्योंकि भाजपा अब मिशन 2024 के तहत अपने योजना को पटल पर लाना शुरू कर चुकी है।

***जदयू की वापस मंत्रिपरिषद में एंट्री होगी या नही***

बताया जा रहा है कि, भाजपा 2024 को लेकर अब अपने सभी कार्यों को अंजाम दे रही है, इसी कारण वो संगठनात्मक बदलाव के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री परिषद में बदलाव पर नजर बनाई हुई है। जिसके बाद इस मुद्दे को लेकर बिहार के सियासी गलियारों में भी चचाओं का बाजार गर्म है कि बिहार से जदयू की वापस मंत्रिपरिषद में एंट्री होगी या नहीं और यदि होगी भी तो इस बार जदयू के लिए वह कौन सा चेहरा होगा जिसे मंत्री बनाया जाएगा।

### जदयू के तरफ से दावेदार

गौरतलब हो कि, बीते दिनों राज्यसभा का कार्यकाल पूरा होने पर वापस से जदयू ने आरसीपी सिंह को टिकट नहीं दिया,जिससे वह मंत्री पद से इस्तीफा देकर वापस बिहार लौट चुके हैं और इस वक्त उनके विभाग का कामकाज ज्योतिरादित्य सिंधिया देख रहे हैं। ऐसे में अब यह बात शुरू हो गयी है की क्या वापस से इस पद को जदयू को दिया जा सकता है और मंत्रिमंडल में जगह मिल सकता है या नहीं। वही, यदि यह पद भाजपा वापस से जदयू को देती है तो इसके दावेदार जदयू के तरफ से किसको बनाया जाएगा, इसको लेकर बिहार की तीसरे नंबर की पार्टी जदयू में भी चर्चा शुरू हो गई है।

### इन नामों की चर्चा

बात करें, मोदी कैबिनेट में शामिल होने को लेकर जदयू में चल रहें नामों की तो तो फिलहाल जदयू में इसको लेकर 3 से 4 नामों की चर्चा है। जिसमें पहला नामहर किसी के जुबान पर है। वहीं दूसरा नाम जदयू संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का है जबकि तीसरा और चौथा नाम संतोष कुशवाहा चंद्रदेव चंद्रवंशी का है। इन नामों को लेकर जदयू सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नीतीश कुमार अपने गिरते वोट बैंक में सुधार को लेकर वापस से सवर्ण, कुशवाहा और अति पिछड़ा का सहारा लेना चाहते हैं, इसलिए वह ललन सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बनाए हैं और कुशवाहा समाज को भी बड़ी जिम्मेदारी दी है।
इसके अलावा एक बार फिर से नीतीश अपने पुराने लव झ कुश समीकरण को मजबूत करना चाह रहे हैं ताकि अन्य कोई भी राजनीतिक दल उनके इस वोट बैंक में सेंध ना लगा पाए। हालंकि, मंत्रिमडल में किसे शामिल करना है किसे नहीं इसको लेकर फैसला तो अंतिम रूप से पीएम मोदी को ही करना है। लेकिन जदयू में जिन नाम की चर्चा है उसमें से दो नाम पहले भी केंद्रीय मंत्रिमंडल में रहा है। साथ ही जिस तरह से पीछले दिनों खुद पीएम ने जिस तरह ललन सिंह को बुलाया है, उससे यह तो साफ है कि ललन सिंह को लेकर बात लगभग पक्की हो गई है।
बहरहाल, अब देखना यह है कि नीतीश कुमार के तरफ से जो इस बार केंद्र में 2 सीटों को लेकर मांग चल रही है उस पर भाजपा कोई बारगेनिंग करती है या नहीं क्योंकि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर दबाव में है और नीतीश भी इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि ऐसे में भाजपा यह तो कतई नहीं चाहेगी की कोई छोटी मांग को लेकर अपना गठबंधन खत्म करना नहीं पसंद करेगी।

## — तो क्या नोएडा के सभी अस्पताल के पास से हटाये जायेंगे रेहड़ी पटरी ?

**समाज जागरण नोएडा**




नोएडा प्राधिकरण नें अपने ही द्वारा बनाये गए पिंक वें-डिंग जोन को सेक्टर 62 फोर्टिस अस्पताल के पास से हटवा दिया। आईजीआरएस शिकायत संख्या 40014122012288 के संदर्भ को ग्रहण करते हुए दिए गए जबाब में बताया गया है कि यह माननीय न्यायालय के आदेशों के विरुद्ध होने के कारण इसे हटाया गया है।
सवाल यह उठता है कि आखिर माननीय न्यायालय के द्वारा दिए गए आदेश सिर्फ एक हास्पिटल के पास बने वेंडिंग जोन के लिए है या फिर सभी अस्पताल के बाहर लगे रेहड़ी पटरियों के लिए। अगर सभी के लिए है तो निश्चित तौर पर प्राधिकरण को सबसे पहले नोएडा सेक्टर 30 के अस्पताल पहुँच गेट के बाहर खड़े रेहड़ी पटरी वालों को हटाने की काम करना चाहिए।
अगर यह आदेश सिर्फ एक अस्पताल के लिए आये है जो कि प्राइवेट है तो यह समझना जरूरी है कि आखिर पिंक वेंडिंग जोन जिसमें एक रजिस्टर्ड वेंडर जो कि एक महिला थी अस्पताल में आये लोगों को समान उपलब्ध करवा रही है तो इसमें किसी को भी क्या दिक्कत हो सकते है। बताते चले कि उत्तर प्रदेश रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएसन के मांग पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नें महिलाओं को रोजगागर करने के लिए पिंक वेंडिंग जोन का एक विकल्प दिया। जिसे नोएडा प्राधिकरण ने हाथो हाथों लिया और सीओ रितु महेश्वरी के देखरेख में सामान्य प्रशासन नें इसका खांका तैयार किया और महिलाओं के लिए वेंडिंग जोन तैयार कर दिया। निश्चित तौर पर महिला वेंडर में एक सुरक्षा की भावना जागृत हुई थी, जो कि अब निराशा में तब्दील हो चुकी है। प्राधिकरण से इस संदर्भ में दिए गए जबाब में माननीय न्यायालय में दायर याचिका संख्या और आदेश के उन पंक्तियों को भी शामिल करना चाहिए था जो कि नही किया गया है। अगर कोई आदेश है तो प्राधिकरण को इसका संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही अवश्य करनी चाहिए।

## साधना पथ (भाग 217)


देव मणि शुक्ल

साधकों हमारे भारत वर्ष की संस्कृति ऋषि और कृषि प्रधान रही है। समग्र प्राणियों में ईश्वर के दर्शन करने तथा भाव से संबंध बनाए रखने के कारण ही हमारा विश्व बंधुत्व का संदेश भी रहा है। देश धर्म और समाज जब-जब नाना प्रकार की परेशानियों में रहा तब-तब संत महापुरुषों ने अपने कर्तृत्व द्वारा उससे राहत दिलाई एवं नई दिशा दी।

गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामभक्ति के द्वारा न केवल अपना ही जीवन कृतार्थ किया वरन् समूची मानव जाति को श्रीराम के आदर्शों से जोड़ दिया। आज समूचे विश्व में श्रीराम का चरित्र उन लोगों के लिए आदर्श बन चुका है जो समाज में मर्यादित जीवन का शंखनाद करना चाहते हैं।

संवत 1554 में जागा राजापुर का भाग ।
हुलसी ने तुलसी को जाया जो हिन्दी के अमर सुहाग ।।

संवद् 1554 को श्रावण शुक्ल पक्ष की सप्तमी को इस धरा धरातल पर अवतरित होकर गोस्वामी बाबा ने सगुण भक्ति की रामभक्ति धारा को ऐसा प्रवाहित किया कि आज गोस्वामी जी राम भक्ति के पर्याय बन गए। गोस्वामी बाबा की ही देन है जो आज भारत के कोने-कोने में रामकथाओ के माध्यम से जन जागरण का भाव चल रहा है । कई संत , सद्गृहस्थ रामकथा के माध्यम से समाज को जागृत करने में सतत लगे हुए हैं। ये गोस्वामी बाबा की ही महिमा है कि हम जैसे मूर्ख भी थोड़ा बहुत श्रीराम जी का गुणगान कर सकते हैं ।

भगवान वाल्मीकि की अनूठी रचना 'रामायण' को आधार मानकर गोस्वामी तुलसीदास ने लोक भाषा में रामकथा की मंदाकिनी इस प्रकार प्रवाहित की कि आज मानव जाति उस ज्ञान मंदाकिनी में गोते लगाकर धन्य हो रही है।

साधकों -- गोस्वामी बाबा का मत है कि इंसान का जैसा संग साथ होगा उसका आचरण व्यवहार तथा व्यक्तित्व भी वैसा ही होगा, क्योंकि संगत का असर देर सवेर अप्रत्यक्ष-प्रत्यक्ष, चेतन व अवचेतन मन एवं जीवन पर अवश्य पड़ता है। इसलिए हमें सोच-समझकर अपने मित्र बनाने चाहिए। सत्संग की महिमा अगोचर नहीं है अर्थात यह सर्वविदित है कि सत्संग के प्रभाव से कौआ कोयल बन जाता है तथा बगुला हंस। सत्संग का प्रभाव व्यापक है, इसकी महिमा किसी से छिपी नहीं है।

बिनु सतसंग बिबेक न होई।राम कृपा बिनु सुलभ न सोई।

गोस्वामी बाबा का कथन है कि सत्संग संतों का संग किए बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती और सत्संग तभी मिलता है जब ईश्वर की कृपा होती है। यह तो आनंद व कल्याण का मुख्य हेतु है। साधन तो मात्र पुष्प की भांति है। संसार रूपी वृक्ष में यदि फल हैं तो वह सत्संग है। अन्य सभी साधन पुष्प की भांति निरर्थक हैं। फल से ही उदर पूर्ति संभव है न कि पुष्प से।

उपजहिं एक संग जग माहीं।जलज जोंक जिमि गुन बिलगाहीं।
सुधा सुरा सम साधु असाधू।जनक एक जग जलधि अगाधू।

संत और असंत दोनों ही इस संसार में एक साथ जन्म लेते हैं लेकिन कमल व जोंक की भांति दोनों के गुण भिन्न होते हैं। कमल व जोंक जल में ही उत्पन्न होते हैं लेकिन कमल का दर्शन परम सुखकारी होता है जबकि जोंक देह से चिपक जाए तो रक्त को सोखती है। उसी प्रकार संत इस संसार से उबारने वाले होते हैं और असंत कुमार्ग पर धकेलने वाले। संत जहां अमृत की धारा हैं तो असंत मदिरा की शाला हैं। जबकि दोनों ही संसार रूपी इस समुद्र में उत्पन्न होते हैं।

जड़ चेतन गुन दोषमय बिस्व कीन्ह करतार।
संत हंस गुन गहहिं पथ परिहरि बारि बिकार।

सृष्टि रचयिता विधाता ने इस जड़ चेतन की समूह रूपी सृष्टि का निर्माण गुण व दोषों से किया है। लेकिन संतरूपी हंस दोष जल का परित्याग कर गुणरूपी दुग्ध का ही पान किया करते हैं। गोस्वामी बाबा ने सम्पूर्ण मानव जाति को अपने ग्रंथ के माध्यम से एक आदर्श समाज , परिवार , जीवन जीने की कला का ज्ञान कराया है । वास्तव में यदि हम बाबा जी के बताए मार्ग पर किंचित मात्र भी चल सके तो निश्चय ही हमारा जीवन कृतार्थ हो सकता है।

## द्वारका प्रसाद मिश्रा

**द्वारका प्रसाद मिश्रा**

जन्म- 5 अगस्त, 1901, उन्नाव, उत्तर प्रदेश; मृत्यु- 31 मई, 1988, दिल्ली) भारत के प्रसिद्ध राजनेता, स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार और साहित्यकार थे। उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद को भी सुशोभित किया था। द्वारका प्रसाद मिश्रा महात्मा गाँधी के 'असहयोग आन्दोलन' से जुड़ गये थे। राष्ट्रवादी आन्दोलनों में उन्होंने सक्रियता से अपना योगदान दिया था। जवाहरलाल नेहरू से मतभेदों के कारण इन्हें तेरह वर्षों तक राजनीतिक वनवास भोगना पड़ा। इन्होंने कई ऐतिहासिक शोध ग्रंथ भी लिखे थे। हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू और संस्कृत साहित्य से द्वारका प्रसाद जी को बहुत लगाव था।

**जन्म तथा शिक्षा**

द्वारका प्रसाद मिश्रा जी का जन्म 5 अगस्त, 1901 में उत्तर प्रदेश के उन्नाव ज़िले में पढरी नामक ग्राम में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम पण्डित अयोध्या प्रसाद और माता का नाम रमा देवी था। जब इनके पिता अयोध्या प्रसाद रायपुर में एक ठेकेदार के रूप में कार्य कर रहे थे, तब द्वारका प्रसाद ने यहीं से अपनी प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त की। इस समय देश विदेशी सत्ता से संघर्ष कर रहा था। कुछ समय के लिए द्वारका प्रसाद मिश्रा ने कानपुर और जबलपुर में अध्ययन किया और 'इलाहाबाद विश्वविद्यालय' से स्नातकोत्तर की परीक्षा और कानून की डिग्री प्राप्त की।

**स्वतंत्रता संग्राम में योगदान**

वर्ष 1920 में द्वारका प्रसाद मिश्रा महात्मा गाँधी के आह्वान पर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। वे गाँधीजी के 'असहयोग आन्दोलन' से जुड़ गये और तब से राष्ट्रवादी आन्दोलनों में अग्रिम पंक्ति में रहे। देश की सेवा करते हुए जेल यात्राएँ उनकी साथी बन गई। द्वारका प्रसाद जी ने वर्ष 1932, 1940 और 1942 में जेल की सजाएँ भोगीं।

**मंत्री पद**

द्वारका प्रसाद मिश्रा 1937 और 1946 में केन्द्रीय प्रान्तों के मंत्री रहे। वे 30 सितंबर, 1963 से 8 मार्च, 1967 तक और फिर 9 मार्च, 1967 से 29 जुलाई, 1967 तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे थे। पण्डित मिश्रा एक प्रसिद्ध पत्रकार, कवि और रचनाकार थे।

**लेखन कार्य**

1942 में जेल में रहते हुए द्वारका प्रसाद मिश्रा जी ने 'कृष्णायन' महाकाव्य की रचना की थी। कृष्ण के जन्म से लेकर स्वगारोहण तक की कथा इस महाकाव्य में कही गई है। महाभारत के कृष्ण हमेशा द्वारका जी के आदर्श रहे। एक प्रखर पत्रकार के रूप में भी द्वारका प्रसाद जी ने 1921 में 'श्री शारदा' मासिक, 1931 में 'दैनिक लोकमत' और 1947 में साप्ताहिक 'सारथी' का सम्पादन किया। लाला लाजपत राय की अंग्रेजों की लाठी से हुई मौत पर 'लोकमत' में लिखे उनके सम्पादकीय पर पण्डित मोतीलाल नेहरू ने कहा था कि- "भारत का सर्वश्रेष्ठ फौजदारी वकील भी इससे अच्छा अभियोग पत्र तैयार नहीं कर सकता।" जवाहरलाल नेहरू से मतभेद के कारण मिश्र जी को तेरह वर्षों तक राजनीतिक वनवास भोगना पड़ा था।

# प्रकृति रक्षति रक्षितः

संस्कृत भाषा मे लिखित श्लोक "धर्मो रक्षति रक्षितः" जिसका वर्णन महाभारत व मनुस्मृति में मिलता है का अर्थ है कि जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है और पूर्ण श्लोक "धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः/तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मो हतोऽवधीत" का अर्थ है जो मनुष्य धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। धर्म की रक्षा करने वाला मनुष्य कभी पराजित नहीं होता, क्योंकि उसकी रक्षा स्वयं धर्म (ईश्वर, मनुष्य, प्रकृति, ब्रह्माण्ड, इत्यादि) करता है। आज जब मानव प्राकृतिक असंतुलन की वजह से अनगिनत गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है तो ठीक इसी श्लोक की भाँति "प्रकृति रक्षति रक्षितः " मतलब जो प्रकृति की रक्षा करता है, प्रकृति भी उसी की रक्षा करती है, की महती आवश्यकता है। मानव जीवन की उत्पत्ति के साथ ही प्रकृति ने मनुष्य को उसकी जरूरत की हर चीज मुहैया कराई, लेकिन तदनुपरांत मनुष्य की जरूरतें ना खत्म होने वाली ख़्वाहिशों और दिखावट में तब्दील होने लगी; मनुष्य और प्रकृति के बीच एक जंग छिड़ गई, जिसका कुपरिणाम दोनों को ही झेलना पड़ रहा है। प्रकृति अपने दर्द का निवारण खुद कर सकती है लेकिन उसकी समय अवधि ज्यादा होती है इसलिए हम मानव जाति से यह अपेक्षा की जाती है कि हम प्रकृति को मलहम लगाने में अपने स्वार्थ से उठकर मदद करें ताकि प्रकृति हमें हमारी जरूरत की चीजें - साफ हवा, पानी, अन्न आदि बिना किसी भेदभाव के प्रदान करती रहे।

दुनिया का हर धर्म शांति का पैरोकार है कम से कम तब जब प्रकृति संरक्षण की बात होती है। विश्व के सभी धर्मों में पर्यावरण को संरक्षित करने की बात कही गई है। प्रकृति के संरक्षण के लिये विभिन्न धार्मिक समूहों द्वारा वैश्विक या स्थानीय स्तर पर कई प्रयास किये जा रहे हैं। पाकिस्तान में स्थित कब्रगाहों में प्राचीन वृक्षों की प्रजातियाँ पाई जाती हैं क्योंकि इनको काटना गुनाह माना जाता है, लेबनान के मैरोनाईट चर्च ने हरीसा के जंगलों को पिछले 1,000 वर्षों से संरक्षित रखा है, थाईलैंड के बौद्ध भिक्षुओं ने संकटग्रस्त जंगलों की रक्षा हेतु वहाँ छोटे-छोटे विहारों की स्थापना की है तथा उसको पवित्र जंगल घोषित किया गया है।

इसके अलावा जर्मनी के 300 चर्चों ने स्थानीय समुदायों के सहयोग से सौर ऊर्जा प्रणाली अपनाई है तथा वृहत स्तर पर इसका लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। अमेरिका में रहने वाले अफ्रीकी मूल के लोगों द्वारा क्वान्जा त्योहार प्रकृति संरक्षण का एक उपयुक्त उदाहरण है। वर्ष 1986 में इटली के शहर असीसी में विश्व वन्यजीव कोष द्वारा ह्यअसीसी घोषणाह्न का आयोजन किया गया। इसमें विश्व के पाँच प्रमुख धर्मों (ईसाई, हिंदू, इस्लाम, बौद्ध तथा यहूदी) के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था ताकि वे इस मुद्दे पर सुझाव प्रस्तुत कर सकें कि उनके धर्मों में प्रकृति संरक्षण हेतु क्या प्रावधान है तथा किस प्रकार वे योगदान कर सकते हैं। वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न धर्मों के सहयोग से अलायंस ऑफ रिलिजन एंड कंजर्वेशन नामक संगठन की स्थापना वर्ष 1995 में की गई थी। विश्व वन्यजीव कोष द्वारा तथा अलायंस ऑफ रिलिजन एंड कंजर्वेशन के सहयोग से ह्यलिविंग प्लैनेट कैंपेनह्न नामक एक मुहिम शुरू की गई। इसके तहत विश्व के प्रमुख धर्मों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की तथा उनकी इस प्रतिबद्धता को ह्यजीवंत पृथ्वी के लिये पवित्र उपहारह्न का नाम दिया गया। इस अभियान के तहत वकालत, शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि, संपत्ति, जीवनशैली तथा मीडिया के क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना शामिल है। इस प्रतिबद्धता के तहत जैन धर्म ने अंतर्राष्ट्रीय जैन व्यापार पुरस्कार प्रारंभ किया है। इसके तहत उन कंपनियों को पुरस्कृत किया जाता है जिन्होंने पर्यावरणीय प्रभावों को कम करते हुए प्रगति की है। इसी प्रकार स्वीडन के लूथरन चर्च के सहयोग से स्वीडन में नेशनल फॉरेस्ट स्टीवार्डशिप काउंसिल की स्थापना की गई।

भारतीय परिप्रेक्ष्य की बात करें तो लोक संस्कृति में मानव की भूमिका प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षक/प्रबंधक के रूप में मानी गई है। इसमें मानव के साहचर्य के हजारों सन्दर्भ हैं और पर्यावरण के साथ उत्तम सामंजस्य रखने की सीख दी गई है। पेड़ों की पूजा करने से लेकर धरती व नदियों को मां के पवित्र सम्बोधन से नवाजने का संस्कार भी है। हमारे लोकगीत, लोक नृत्य, लोक कथाएं, लोक त्योहार - ये सब प्रकृति-प्रेम को प्रकट करने वाले हैं। मनोरंजन, खेतों में बुवाई, धान की कटाई आदि अवसरों पर हमारे पुरखे मिल-जुलकर जल, पृथ्वी, वायु अग्नि और आकाश की महिमा का बखान करते थे। कृतज्ञता का भाव उनके रोम- रोम से प्रकट होता था। लोक कहावतों व लोक कथाओं पर नजर डालें तो उनकी सीख में पर्यावरण के प्रति श्रद्धा का भाव झलकता है। रामायण, महाभारत, गीता, वायु-पुराण, स्कन्द पुराण, भविष्य पुराण, वराह पुराण, ब्रह्म पुराण, मार्कण्डेय पुराण, मत्स्य पुराण, गरुड़ पुराण, श्री विष्णु पुराण, भागवत पुराण, श्रीदेवी भागवत पुराण वेद, उपनिषद् तथा अन्य धार्मिक ग्रन्थ, पेड़-पौधे, जीव-जन्तुओं पर दया करने की सीख देते हैं। मानसिक शान्ति, शारीरिक सुख, इन सबकी पूर्ति के साधन प्राकृतिक सम्पदा ही है। गेहूँ, जौ, तिल, चना, चन्दन, लाल पुष्प, केसर, खस, कमल, ताम्बूल, श्वेत पुष्प, बांस, मिट्टी, फल, तुलसी, हल्दी, पीत-पुष्प, शहद इलाइची, सौंफ, उड़द, काले-पुष्प, सरसों के फूल, मुलेठी देवदार, बिल्व वृक्ष की छाल, आम, पला, खैर, पीपल, गूलर, दूब, कुश आदि को संरक्षित रखने के उद्देश्य से इन्हें किसी दिन,त्योहार, देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से जोड़ा गया है। औषधि के रूप में फलों तथा जड़ी-बूटियों की रक्षा करने की बात कही गयी है और इन्हें घरों के निकटस्थ लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ रखने की सलाह दी गयी है, जैसे- अंगूर, केला, अनार, सेब, जामुन, प्याज, लहसुन, गाजर, मूली, नींबू, अदरक, आंवला, घीया, बादाम, आम, टमाटर, अखरोट, अजवाइन, अनानास, अश्वगंधा, गिलोय, तम्बाकू, तरबूज, तुलसी, दालचीनी, धनिया, पुदीना, संतरा, पान, पीपल, बबूल, ब्राह्मी बूटी, काली मिर्च, लाल मिर्च, लौंग, हरड़, बहेड़ा आदि अनेक बूटियों का प्रयोग करने से मनुष्य निरोग रह सकता है।

हमें प्रकृति संरक्षण सीखने के लिए किसी अन्य देश या तकनीक की आवश्यकता नहीं है। हमारे धर्म, शास्त्रों में यह बहुतायत में लिखा गया है और हमारे पूर्वजों ने प्रकृति संरक्षण के अनेकों बेहतरीन उपाय बताए हैं जिसकी लिए ज्यादा धन की भी आवश्यकता नहीं है। उन्होंने इसे हमारी आदत में शामिल कर के एक रोजमर्रा की चीज की तरह पेश किया था ना कि आज की तरह किसी खास दिन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम की तरह। संरक्षण में सिर्फ पेड़ लगाना ही नहीं बल्कि उनकी जान बचाना भी शामिल है और यह किस तरह किया जा सकता है, यह हमें विरासत में मिली है जिसे हमें पुनर्जीवित करने की और उन्हें संभालने की खास जरूरत है। हमारे ऋषि जानते थे कि पृथ्वी का आधार जल और जंगल है. इसलिए उन्होंने पृथ्वी की रक्षा के लिए वृक्ष और जल को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा है- 'वृक्षात् वर्षति पर्जन्यः पर्जन्यादन्न सम्भवः' अर्थात वृक्ष जल है, जल अन्न है, अन्न जीवन है। जंगल को हमारे ऋषि आनंददायक कहते हैं- 'अरण्यं ते पृथिवी स्योनमस्तु' यही कारण है कि हिन्दू जीवन के चार महत्वपूर्ण आश्रमों में से ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ और संन्यास का सीधा संबंध वनों से ही है। हम कह सकते हैं कि इन्हीं वनों में हमारी सांस्कृतिक विरासत का संवर्धन हुआ है। हिन्दू संस्कृति में वृक्ष को देवता मानकर पूजा करने का विधान है। वृक्षों की पूजा करने के विधान के कारण हिन्दू स्वभाव से वृक्षों का संरक्षक हो जाता है। सम्राट विक्रमादित्य और अशोक के शासनकाल में वन की रक्षा सर्वोपरि थी। वैदिक काल में जीवित वृक्षों को काटना प्रतिबंधित था और ऐसे कृत्यों के लिए दंड निर्धारित किया गया था। उदाहरण के लिए, याज्ञल ६ए, स्मृति, ने पेड़ों और जंगलों को काटने को दंडनीय अपराध घोषित किया है और 20 से 10-रानी का दंड भी निर्धारित किया है। चाणक्य ने भी आदर्श शासन व्यवस्था में अनिवार्य रूप से अरण्यपालों की नियुक्ति करने की बात कही है। पर्यावरण संरक्षण के कानून की दृष्टि से मुगल सम्राटों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है उनके महलों के चारों ओर फलों के बागों और हरे भरे पार्कों की स्थापना, केंद्रीय और प्रांतीय मुख्यालय, सार्वजनिक स्थान, नदियों के किनारे और घाटी में वे गर्मी के मौसम के स्थानों या अस्थायी मुख्यालय के रूप में इस्तेमाल करते थे।

हमारे महर्षि यह भली प्रकार जानते थे कि पेड़ों में भी चेतना होती है, इसलिए उन्हें मनुष्य के समतुल्य माना गया है। ऋग्वेद से लेकर बृहदारण्यकोपनिषद्, पद्मपुराण और मनुस्मृति सहित अन्य वाङ्मयों में इसके संदर्भ मिलते हैं. छान्दोग्य उपनिषद में उद्दालक ऋषि अपने पुत्र श्वेतकेतु से आत्मा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि वृक्ष जीवात्मा से ओतप्रोत होते हैं और मनुष्यों की भाँति सुख-दुःख की अनुभूति करते हैं। हिन्दू दर्शन में एक वृक्ष की मनुष्य के दस पुत्रों से तुलना की गई है- दशकूप समावापीः दशवापी समोह्रदः/दशह्रद समःपुत्रो दशपत्र समोद्रुमः। इसी संस्कृति में हर भारतीय घर में तुलसी का पौधा कहीं न कहीं मिल ही जाता है। तुलसी का पौधा मनुष्य को सबसे अधिक प्राणवायु ऑक्सीजन देता है। तुलसी के पौधे में अनेक औषधीय गुण भी मौजूद हैं पीपल को देवता मानकर भी उसकी पूजा नियमित इसलिए की जाती है क्योंकि वह भी अधिक मात्रा में ऑक्सीजन देता है। देवों के देव महादेव तो बिल्व-पत्र और धतूरे से ही प्रसन्न होते हैं। यदि कोई शिवभक्त है तो उसे बिल्वपत्र और धतूरे के पेड़-पौधों की रक्षा करनी ही पड़ेगी। वट पूर्णिमा और आंवला ग्यारस का पर्व मनाना है तो वट वृक्ष और आंवले के पेड़ धरती पर बचाने ही होंगे। हिन्दुओं के चार वेदों में से एक अथर्ववेद में बताया गया है कि आवास के समीप शुद्ध जलयुक्त जलाशय होना चाहिए। जल दीर्घायु प्रदायक, कल्याणकारक, सुखमय और प्राणरक्षण होता है। शुद्ध जल के बिना जीवन संभव नहीं है। यही कारण है कि जल स्त्रोतों को बचाए रखने के लिए हमारे ऋषियों ने इन्हें सम्मान दिया। पूर्वजों ने कल-कल प्रवाहमान सरिता गंगा को ही नहीं वरन सभी जीवनदायिनी नदियों को मां कहा है। हिन्दू धर्म में अनेक अवसर पर नदियों, तालाबों और सागरों की मां के रूप में उपासना की जाती है। छान्दोग्योपनिषद् में अन्न की अपेक्षा जल को उत्कृष्ट कहा गया है। महर्षि नारद ने भी कहा है कि पृथ्वी भी मूर्तिमान जल है। अंतरिक्ष, पर्वत, पशु-पक्षी, देव-मनुष्य, वनस्पति सभी मूर्तिमान जल ही हैं। जल ही ब्रह्मा है। महान ज्ञानी ऋषियों ने धार्मिक परंपराओं से जोड़कर पर्वतों की भी महत्ता स्थापित की है।

पर्वत, देश के प्रमुख पर्वत देवताओं के निवास स्थान हैं और अगर पर्वत देवताओं के वास स्थान नहीं होते तो कब के खनन माफिया उन्हें उखाड़ चुके होते। विंध्यगिरी महाशक्तियों का वास स्थल है, कैलाश महादेव की तपोभूमि है। हिमालय को तो भारत का किरीट कहा गया है। महाकवि कालिदास ने 'कुमारसम्भवम्' में हिमालय की महानता और देवत्व को बताते हुए कहा है- 'अस्तुत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः' भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन की पूजा का विधान इसलिए शुरू कराया था क्योंकि गोवर्धन पर्वत पर अनेक औषधि के पेड़-पौधे थे, मथुरा के गोपालकों के गोधन के भोजन-पानी का इंतजाम उसी पर्वत पर था। मथुरा-वृन्दावन सहित पूरे देश में दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा धूमधाम से की जाती है। इसी तरह हमारे महर्षियों ने जीव-जन्तुओं के महत्व को पहचान कर उनकी भी देवरूप में अर्चना की है। मनुष्य और पशु परस्पर एक-दूसरे पर निर्भर हैं। हिन्दू धर्म में गाय, कुत्ता, बिल्ली, चूहा, हाथी, शेर और यहां तक की विषधर नागराज को भी पूजनीय बताया है। प्रत्येक हिन्दू परिवार में पहली रोटी गाय के लिए और आखिरी रोटी कुत्ते के लिए निकाली जाती है। चींटियों को भी बहुत से हिन्दू आटा डालते हैं। चिडिड़ों और कौओं के लिए घर की मुंडेर पर दाना-पानी रखा जाता है। पितृपक्ष में तो काक को बाकायदा निमंत्रित करके दाना-पानी खिलाया जाता है। इन सब परंपराओं के पीछे जीव संरक्षण का संदेश है। हिन्दू गाय को मां कहता है, उसकी अर्चना करता है। नागपंचमी के दिन नागदेव की पूजा की जाती है। नाग-विष से मनुष्य के लिए प्राण रक्षक औषधियों का निर्माण होता है। नाग पूजन के पीछे का रहस्य ही यह है। हिन्दू धर्म का वैशिष्ट्य है कि वह प्रकृति के संरक्षण की परम्परा का जन्मदाता है। हिन्दू संस्कृति में प्रत्येक जीव के कल्याण का भाव है। हिन्दू धर्म के जितने भी त्योहार हैं, वे सब प्रकृति के अनुरूप हैं। मकर संक्रान्ति, वसंत पंचमी, महाशिवरात्रि, होली, नवरात्र, गुड़ी पड़वा, वट पूर्णिमा, ओणम, दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा, छठ पूजा, शरद पूर्णिमा, अन्नकूट, देव प्रबोधिनी एकादशी, हरियाली तीज, गंगा दशहरा आदि सब पर्वों में प्रकृति संरक्षण का पुण्य स्मरण है।

प्रकृति का उपहार हमें अपनी आगे वाली पीढ़ी से गिरवी के रूप में मिली है जिसकी जान बचने की जिम्मेदारी हम पर है। महात्मा गाँधी कहते थे - प्रकृति के पास हमारी जरूरतों के लिए पर्याप्त संसाधन है लेकिन लोभ के लिए पूरी पृथ्वी अलबत्ता पूरा ब्रह्माण्ड भी कम है। अपनी जरूरतों को अगर सीमित नहीं कर सकते तो जरूरतों को लालच में तब्दील ना करने की कोशिश जरूर करनी चाहिए। मार्टिन लूथर किंग ने कहा है - किसी एक के ऊपर अन्याय सबके ऊपर अन्याय है। यदि प्रकृति के साथ आज आप अपने आस पास न्याय नहीं कर रहे हैं तो इसके दूरगामी परिणाम आपके विश्व के किसी कोने में किसी न किसी रूप में देखने को मिलेंगे। पृथ्वी पर एक स्वस्थ जीवन की परिकल्पना मनुष्य और प्रकृति के साहचर्य के बिना करना असंभव है। हम सब को चेतने की सख़्त जरूरत है और यदि अब भी देर की तो यह आखिरी देर होगी।


**सलिल सरोज कार्यकारी अधिकारी लोक सभा सचिवालय नई दिल्ली**

## नागपंचमी के दिन ही लोजपा ( रामविलास ) अनुसूचित जाति / जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश-अध्यक्ष ने औरंगाबाद पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं को दिया मार्गदर्शन

अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबादः ( बिहार ) लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के अनुसूचित जाति / जनजाति प्रकोष्ठ औरंगाबाद जिलाध्यक्ष, जितेंद्र पासवान की अध्यक्षता में व प्रदेश - अध्यक्ष, परशुराम पासवान, प्रदेश - सचिव सह रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व लोजपा प्रत्याशी, मनोज कुमार सिंह, जिले के वरीय पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की मौजूदगी में ही उत्साह पूर्ण माहौल में बैठक संपन्न हो गया! इस मौके पर अनुसूचित जाति / जनजाति प्रकोष्ठ के माननीय प्रदेश - अध्यक्ष, परशुराम पासवान को औरंगाबाद पहुंचने से पूर्व जिले के समस्त प्रखंडों से कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे प्रखंड अध्यक्षों ने भी बारी - बारी से मंच पर संबोधित करते हुए पार्टी हित में अपना - अपना राय व्यक्त किया! कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने - अपने संबोधन के दौरान सबसे अधिक बल देते हुए कहा कि वर्तमान औरंगाबाद में जो सिर्फ अपनी - अपनी वर्चस्व को लेकर पार्टी कार्यकर्ता या पदाधिकारियों में अंदरूनी विवाद चल रहा है! यह पार्टी हित में अच्छा नहीं है! इसलिए सर्वप्रथम पार्टी हित व लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई सांसद, माननीय, चिराग पासवान जी के नेतृत्व पर पूर्ण भरोसा करके आपसी मतभेद को भुलाकर पार्टी संगठन मजबूत करने की ही जरूरत है! अपने ही घर में विवाद करना अच्छी बात नहीं है! यदि जरूरत है तो सिर्फ लोक जनशक्ति पार्टी के माननीय संस्थापक, स्वर्गीय रामविलास पासवान जी के सपनों को साकार करने की! हम लोगों को सबसे अधिक गर्व इसी बात का है कि लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) एक ऐसी पार्टी है, जिसमें सिर्फ अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग को ही नहीं, बल्कि सभी वर्गों को एक सम्मान प्रतिष्ठा मिलती है, क्योंकि शुरू से ही हमारे पार्टी के माननीय संस्थापक, स्वर्गीय रामविलास पासवान जी ही कहा करते थे कि लोक जनशक्ति पार्टी में सभी वर्गों को बराबर सम्मान मिलना चाहिए! चाहे वे किसी भी वर्ग के लोग हो! किसी भी वर्ग के साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए! इसी प्रकार उन्हीं के रास्ते पर चलते हुए आज हमारे पार्टी के माननीय, राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई सांसद, चिराग पासवान भी किसी मंच पर खुलेआम बोलते हैं, कि लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है, और हमारे माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई सांसद का सिर्फ एक ही नारा है कि बिहार - फर्स्ट, बिहारी - फर्स्ट, होना चाहिए! इसी बीच जब लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के अनुसूचित जाति / जनजाति प्रकोष्ठ, प्रदेश - अध्यक्ष, परशुराम पासवान अपने टीम के साथ पटना से चलकर औरंगाबाद स्थित नगर थाना के सामने कार्यक्रम स्थल पहुंचे, तो उत्साहित कार्यकताओं ने भी जमकर नारा लगाते हुए उनका फूल - मालाओं से भव्य स्वागत किया, और पटना से आए हुए समस्त वरीय पार्टी पदाधिकारियों को सर्वप्रथम मंच पर माला पहनाकर व अंग - वस्त्र देकर सम्मानित किया गया! इसके बाद लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के सभी 11 प्रखंडों से आए हुए प्रखंड अध्यक्षों, पार्टी के वरीय पदाधिकारियों को भी बारी - बारी से माला पहनाकर व अंग - वस्त्र देते हुए सम्मानित किया गया! परंपरा अनुसार मंच पर उपस्थित लोगों का जब सम्मान समारोह खत्म हुआ! तब कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के अनुसूचित जाति / जनजाति प्रकोष्ठ, प्रदेश - अध्यक्ष, परशुराम पासवान से संवाददाता ने सवाल पूछा कि आपके पार्टी की ओर से अनुसूचित जाति / जनजाति का कार्यक्रम विभिन्न जिलों में 01 अगस्त 2022 से लेकर 04 अगस्त 2022 तक लगातार चलाया जा रहा है! इस कार्यक्रम का आपका मुख्य उद्देश्य क्या है? तब पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि मेरा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, संगठन को मजबूत करना! गांव - गांव में अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष, गरीबों, दलितों के शोषित, हम सबो के नेता का आदेश है कि गांव - गांव में बिहार - फर्स्ट, बिहारी - फर्स्ट! विजन को बताना व पंचायत से लेकर घर - घर तक जा करके अपनी बातों को रखना है! इसके बाद जब प्रदेश - अध्यक्ष, परशुराम पासवान से संवाददाता ने सवाल पूछा कि इस कार्यक्रम में भी मंच से ही सुनने को मिला, कि औरंगाबाद पार्टी में अंदरूनी विवाद चल रहा है! पूर्व से भी औरंगाबाद में अंदरूनी विवाद का मुद्दा उठता ही रहा है कि यहां लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) में शामिल ही कुछ लोग पार्टी को सिर्फ बदनाम करने में लगे हुए हैं! इस संबंध में आप क्या

## यम गीता (गीता भाग 134)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान


विश्वनाथ त्रिपाठी

यमराज जी आगे भी यमदूतों से यही बताते हैं कि भगवान विष्णु से प्रेम करने वालों से दूर ही रहना

यमनियमविधूतकल्मषाणां
अनुदिनमच्युतसक्तमानसानां`
अपगतमदमानमत्सराणां
त्यजभट दूरतरेण मानवानाम्`

हे दूतों ! यम और नियम के द्वारा जिनके पाप नष्ट हो चुके हैं,जिनका मन हमेशा भगवान विष्णु में लीन रहता है` जिनके अन्दर गर्व ,अमभिमान व मत्सर का कोई निशान ही नहीं है ,ऐसे लोगों को दूर से ही त्याग देना`

अब यमराज दूतों से बताते हैं कि विष्णु भगवान कहां नहीं रहते ,उन्हीं को छूने का अधिकार तुमको है और दंड देने का अधिकार हमें है :-

हरति पर धनं, निहंति जंतून्
वदति तथाऽनृतनिष्ठुराणि यश्च `,
अशशुभजनितदुर्मदस्य,पुंसः
कलुषमतेर्हृदि तस्य नास्त्यन्तः`

हे दूत गणों ! जो पुरुष दूसरों के धन का हरण करता है , जीवों की हत्या करता है,झूठ,व कठोर वचन बोलता है ऐसे अशुभ कर्मों को करनेवाले दुष्ट बुद्धिवालो के हृदय में भगवान अपना निवास नहीं बनाते`

न सहति पर संपदम विनिंदां



कलुषमतिः कुरु ते सतांसाधुः
न यजति न ददाति यश्च संतं
मनसि न तस्य जनार्दनोऽधमस्य`

जो दुर्बुद्धि दूसरों की सम्पत्ति को नहीं देख सकता जो साधुओं का अहित करता है दूसरों की निंदा करता है ,जो भगवान विष्णु की न तो पूजा करता और न ही उनके भक्तों को दान देता है ऐसे अधम के हृदय में प्रभु का वास कभी नहीं होता`

परमसुहृदि बांधवे कलकत्रे,
सुत तनयापितृमातृभृत्यवर्गे
शठमतिरुपयति योऽर्थतृष्णां
तमधंचेष्टंवेहि नास्यभक्त`

जो दुष्ट बुद्धि अपने शुभेक्षु,बंधु बांधव,स्त्री पुत्र कन्या माता पिता नौकर के प्रति अर्थ तृष्णा प्रकट करता है उस पापाचारी को भगवान का भक्त मत समझो`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## संक्षिप्त न्यूज

### बार एसोसिएशन मनाएगा रजत जयंती समारोह चार स्तरीय आयोजनों से होगा भव्य आयोजन

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी**

नोएडा गौतम नगर बार एसोसिएशन नोएडा की 25 स्थापना दिवस पर रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में एसोसिएशन रजत जयंती समारोह



का आयोजन करने जा रही है। इस बारे गुरुवार को सेक्टर 29 के नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम के संयोजक वीके गौड़ ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह शनिवार 6 अगस्त को से सेक्टर 51 के डायमंड क्राउन प्लाजा में 3 बजे आयोजित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट शीतल त्यागी ने बताया कि ये समारोह चार स्तर का होगा, जिसमें नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण,संस्था की निर्देशिका का विमोचन, पूर्व सदस्यों का सम्मान और अधिवक्ताओं के बच्चों में 10वीं व 12वीं में 85 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का सम्मान प्रोत्साहन पुरस्कार वितरण शामिल है। संस्था के महासचिव डॉ अंकित मित्तल एडवोकेट ने बताया कि संस्था का पंजीयन 31 जुलाई 1997 में हुआ था इसके 25 वर्ष पूरे हो गए हैं इस उपलक्ष में हम अपना रजत जयंती स्थापना दिवस समारोह मना रहे हैं। जिसमें अन्य कार्यक्रमों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में 25 वर्ष से अधिक की प्रैक्टिस पूर्ण करने वाले अधिवक्ता साथियों का सम्मान किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में गौतम नगर सांसद डॉ महेश शर्मा, पुलिस कमिश्नर गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश बार काउंसिल अध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक नोएडा पंकज सिंह, शिव किशोर गौड़, डी के शर्मा,राजपाल कसाना सीजीएसटी कमिश्नर गौतनबुद्ध नगर कविता भटनागर आदि सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

प्रेस वार्ता के दौरान अश्विनी शर्मा, अंकित गोयल, कार्यकारिणी सदस्य एम सी शर्मा, सचिव अनिल चौहान , इंद्राज, अनिल चौहान, विनय गोयल, राशिद, घनश्याम, मित्रा मिश्रा, वाईएस त्यागी, विकल गुप्ता, अनिमेष मित्तल, गोपाल शर्मा, केके गोयल, मनोज कक्कड़ ,पुष्पेंद्र त्यागी, योगेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### झुग्गी बनाने के झगड़े में,दोस्त ने गोली चला दोस्त की जान ली

(हरेश उपाध्याय) नई दिल्लीः आनंद पर्वत इलाके में झुग्गी बनाने को लेकर दो दोस्तों के बीच विवाद हो गया। झगड़ा इस कदर बढ़ा कि दोनों पक्ष एक दूसरे पर पथराव करने लगे।उसी दौरान एक पक्ष ने गोली चलाई जो खिड़की से झांक रहे दीप नारायण को जा लगी, उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने नारायण को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने हत्या की एफआईआर दर्ज कर 3 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। सूत्रों के अनुसार देर रात आनंद पर्वत के नेहरू नगर इलाके में एक कॉल पुलिस को मिली थी। जिसमें कॉल करने वाले ने बताया कि उसके भाई को कुछ लोगों ने गोली मार दी है। इस कॉल पर सब इंस्पेक्टर जगबीर सिंह मौके पर पहुंचे, जहां पता चला कि घायल को जीवन माला अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची,पता चला कि उस शख्स की मौत हो गई है। इस बाबत हत्या और आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया।मृतक की पत्नी रेशमा ने पुलिस को बताया कि रात लगभग 12 बजे उसका पति दीप नारायण घर पर आया। कुछ देर बाद किसी शख्स ने उसे फोन कर नीचे बुलाया। मकान के नीचे नेहरू नगर निवासी गुरदीप व उसके साथ नाम फौजी एवं कुछ अन्य लड़के मौजूद थें। रात लगभग 1:30 बजे उनके बीच में बहस होने लगी।उसने अपने पति को ऊपर बुला लिया।इस पर नीचे से वे लड़के ऊपर पथराव करने लगे। इसकी वजह से उनके कमरे की खिड़की का शीशा टूट गया। वह जब खिड़की से नीचे देखने लगे तो फौजी ने उसके पति की तरफ गोली चला दी।गोली खिड़की से नीचे झांक रहे, उसके पति के लगी और उन्हें अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

### इनर व्हील क्लब ऑफ दिल्ली की महिलाओं ने आजादी अमृत व तीज महोत्सव मनाया‹

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-साउथ वेस्ट जिले में इनर व्हील क्लब ऑफ दिल्ली की महिलाओं ने वसंत वाटिका में 75साल की आजादी के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव और तीज महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से




मनाया।सावन की मल्हारों व गीतों पर महिलाओं ने नृत्य किया और झूमती नजर आयी। उन्होंने हमारे संवाददाता नीरज अवस्थी को बताया कि देश की 75वीं वर्षगांठ का मतलब 75 वर्ष पर विचार, 75 वर्ष की उपलब्धियां, 75 वर्ष में एक्शन और 75 वर्ष पर संकल्प शामिल हैं।जो स्वतंत्र भारत के सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। इनर व्हील क्लब ऑफ दिल्ली वशंत वाटिका की महिलाओं का यह भी कहना है कि यह आजादी का अमृत महोत्सव 15 अगस्त 2022 को देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ 75वीं आजादी का अमृत महोत्सव दशार्ता है कि भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान ।

## डीपीआरओ नवादा ने मुख्यमंत्री का संदेश का वितरण किए।

**समाज जागरण नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**



नवादाः- सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना के आदेश के आलोक में नीतीश कुमार माननीय मुख्यमंत्री का संदेश का वितरण जिले के सभी घरों में किया जा रहा है। आज राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, नवादा से सत्येन्द्र प्रसाद जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी के द्वारा राज्य में नशामुक्ति, दहेज प्रथा उन्मूलन एवं बाल विवाह उन्मूलन के लिए समाज सुधार अभियान का वितरण सभी शिक्षिकाओं एवं छात्राओं के बीच किया गया। वितरण के बाद बाल विवाह, दहेज प्रथा, राज्य में नशामुक्ति और सतत जीविकोपार्जन योजना के संबंध में विस्तार से छात्राओं को जानकारी दी गयी। उन्हें कहा गया कि इस फोल्डर को सुरक्षित रखना है और अपने परिवार के माता-पिता, भाई-बहन और पड़ोसियों को पढ़ाकर समाज सुधार अभियान को सशक्त बनाना है। जिले के चार लाख से अधिक घरों में श्री पंचम दांगी डीपीएम जीविका के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। नगर परिषद/नगर पंचायत क्षेत्रों में कार्यपालक पदाधिकारी के माध्यम से सभी घरों में इस फोल्डर को वितरित की जायेगी।

**सुधरे व्यक्ति और परिवार होगा तभी समाज सुधार**

जिला में छः वर्षों से शराबबंदी लागू है। शराब के दुष्प्रभावों से सभी लोग चिंतित हैं। मानव समाज को शराब के कुप्रभाव से निजात दिलाने के लिए एक सशक्त अभियान चलाने पर बल दिया गया है। शराब के सेवन के कारण युवाओं में मृत्यु दर बुढ़े लोगों के अपेक्षा काफी अधिक है और 20 से 39 आयुवर्ग के लोगों में साढ़े 13 प्रतिशत लोगों की मृत्यु शराब के कारण होती है। शराब से लगभग 200 बीमारीयों को बढ़ाती है। आत्महत्या के कुल 18 प्रतिशत, आपसी झगड़े का 18 प्रतिशत, सड़क दुर्घटनाओं का 27 प्रतिशत और मिर्गी के 13 प्रतिशत मामले शराब के सेवन के कारण होते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी ने कहा था कि शराब आदमियों से न सिर्फ उनका पैस छीन लेती है बल्कि बुद्धि भी हर लेती है। शराब पीने वाला इंसान हैवान हो जाता है।

बाल विवाह और दहेज प्रथा के विरूद्ध वर्तमान में कई विशेष कानून लागू है। बाल विवाह और दहेज प्रथा ऐसी कुरीतियां हैं जो बच्चियों तथा महिलाओं को न सिर्फ समान अवसर प्रदान करने की दिशा में बाधक बन रही है बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक विकास को प्रतिकूल ढ़ंग से प्रभावित करती है। बाल विवाह लड़कियों के शारीरिक, मानसिक एवं मनोवैज्ञानिक विकास को कुप्रभावित करता है। वे विवाह के बाद की परिस्थितियों के लिए तैयार नही होती है और इसका प्रतिकूल प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। दहेज प्रथा भी एक ऐसी समाजिक कुरीति है जो कानूनन अपराध है।

नशा, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा की समस्या को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार के द्वारा उनके विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। समुदाय एवं सरकार के समेकित प्रयास से ही यह अभियान सफल होगा।

अवैध शराब एवं मादक द्रव्य के संबंध में शिकायत टॉल फ्री नम्बर-18003456268 या 15545 पर करें। इस बात की जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी है।

## वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में बैडमिंटन में ब्रोंज मेडल विजेता कांस्टेबल गगन पासवान का हुआ भव्य स्वागत

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी**

नोएडा नीदरलैंड में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर



गेम्स में बैडमिंटन में ब्रोंज मेडल प्राप्त कर उत्तर प्रदेश पुलिस व देश का नाम रोशन करने वाले कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में तैनात कांस्टेबल गगन कुमार पासवान की वापसी पर उनका शानदार स्वागत किया गया। इधर कांस्टेबल गगन कुमार पासवान को पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा मोमेंटो, प्रशस्ति-पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया । एयरपोर्ट से कांस्टेबल गगन कुमार पासवान को फूलों से सजी हुई खुली जीप में पुलिस लाइन लाया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस व देश का नाम रोशन करने पर पुलिस अधिकारियों ने उनकी जमकर सराहना की।

नीदरलैंड में चल रहे वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में बैडमिंटन खेल में ब्रोंज मेडल जीतने के बाद कांस्टेबल गगन कुमार पासवान बीती शाम दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे जहां उनके स्वागत के लिए प्रतिसार निरीक्षक व एसीपी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। एयरपोर्ट पर कांस्टेबल गगन कुमार का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। सूरजपुर स्थित पुलिस लाइन से गगन पासवान के स्वागत में फूलों से सजी हुई खुली जीप एयरपोर्ट भेजी गई थी। इस जीप से कॉन्स्टेबल को सम्मान सहित एयरपोर्ट से लाया गया। कॉन्स्टेबल गगन कुमार पासवान की इस उपलब्धि पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में अधिकारियों व पुलिस कर्मियों ने गुलदस्ते भेंट कर उनका स्वागत किया। पुलिस अधिकारियों ने गगन पासवान की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और उपलब्धियां हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## रोहिणी में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़,सात लड़कियां व एक दलाल पकड़े गए




(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-रोहिणी के सेक्टर 17 में पुलिस ने सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया।इस दौरान सात लड़कियों और एक दलाल को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।सेक्टर 17 में पिछले कुछ दिनों से एक सेक्स रैकेट चलाया जा रहा था।एक फ्लैट पर संदिग्ध गतिविधियों के बाद आसपास के लोगों को शक हुआ। आसपास के लोगों ने बुधवार को इसकी जानकारी पुलिस को दी।शिकायत मिलने के बाद रोहिणी पुलिस की टीम ने जांच के बाद गुरुवार को निर्दिष्ट स्थान पर छापेमारी की।पुलिस को जब इस बात की जानकारी मिली कि रोहिणी सेक्टर 17 में सेक्स रैकेट चलाया जा रहा है तो एक नकली ग्राहक तैयार किया और उसे ठिकाने पर भेजा गया।पुलिस ने पांच सौ रुपये के दो नोट भी दिए गए थें। जिनका नंबर पहले ही नोट कर लिया गया था।जैसे ही उस नकली ग्राहक ने पुलिस को सेक्स रैकेट के बारे में सूचना दी, पुलिस टीम ने उस फ्लैट में छापा मारा।पुलिस ने मौके से सात लड़कियों को हिरासत में लिया। विक्की नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वह ग्राहकों को लाने का काम करता था। फिलहाल पुलिस पकड़े गए आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है। किन किन जगहों से लड़कियां लाई जाती हैं? कब से इस रैकेट को चलाया जा रहा है?

## नोएडा सेक्टर 110 मार्केट में फिर शुरू हुआ अतिक्रमण का खेल।

**समाज जागरण नोएडा**

नोएडा सेक्टर 110 मार्केट में फिर से शुरू हुआ अतिक्रमण का खेल। हाल ही में नोएडा प्राधिकरण नें यहाँ से अतिक्रमण को शिफ्ट किया था, इसके बावजूद फिर से अतिक्रमण का खेल शुरू हो चुका है।

बताते चले कि नोएडा प्राधिकरण अतिक्रमण को हटाने के बजाय अतिक्रमण शिफ्ट करने की कार्य करती है। हाल ही मे प्राधिकरण नें नोएडा सेक्टर 110 के मार्केट से अतिक्रमण को शिफ्ट करके पास के ही खाली पड़े पार्क में जगह दिया था। इसके बावजूद फिर से मार्केट में दुकान लगने लगे है। नोएडा प्राधिकरण नें इससे पहले नोएडा सेक्टर 82 में बने बस टर्मिनल के पास से अतिक्रमण को सेक्टर 82 के ग्रीन बेल्ट में शिफ्ट किया था जो अभी भी मौजूद है।

अगर इसी प्रकार से अतिक्रमण होता रहा तो आने वाले कुछ महीनों में फिर से मार्केट की हालत पहले जैसे ही




हो जायेंगे जहाँ दुकानदारों को अपना गाड़ी लगाने के लिए मैन रोड पर पार्किंग चार्ज देकर गाड़ी पार्क करने होंगे और ग्राहक पार्किंग चार्ज देने के कारण वहाँ से नदारद।

## कन्नौज के अधिकारी नहीं मानते पी एम मोदी की डीपी पर तिरंगा लगाने की अपील

अजय दुबे कन्नौज कन्नौज। यह इत्र नगरी है साहब यहां हर अधिकारी की सत्ता में पकड़ है कोई विधायक का खास है तो कोई सांसद का , किसी के तो ताल्लुकात सीधे मंत्रियों से है । जी हां सब अपने अपने काम में व्यस्त हैं। अकड़े बाजी में माहिर अफसर नेताओ को खुश करने में व्यस्त है । इतने व्यस्त की उन्हें प्रधानमत्री मोदी जी की अपील भी छोटी लगने लगी । अभी हर घर तिरंगा कार्यक्रम के मध्य प्रधानमंत्री मोदी जी ने एक अपील की थी बो थी कि प्रत्येक नागरिक अपने मोबाइल की डी पी पर तिरंगा लगाए इससे एक अलग और अच्छा संदेश जाएगा । तो देखिए कन्नौज के आलाधिकारियों के हाल पी एम मोदी जी की अपील को किस तरह नकारते हुए उन्होंने मोबाइल पर सरकारी नंबरों पर डीपी पर तिरंगा झंडा लगाने में भी बोझ लग रहा तभी उन्होंने इस अपील को दरकिनार कर दिया और अभी तक इन आलाधिकारियों ने सी यू जी नम्बर पर डीपी नहीं बदली । जिसमें सीएमओ अपर जिलाधिकारी , जिलाधिकारी , पी डी आदि शामिल है । अब आप सोच सकते हो कि जो अधिकारी प्रधानमंत्री जी की अपील को नहीं मानते हो समस्या क्या सुनेगे ।यह हाल कन्नौज का है और जिम्मेदार अधिकारियों का क्या इससे भी बड़ा कोई जिम्मेदार होगा जनपद में जिसके हाथ में जनपद की कमान हो उसका यह रवैया वास्तव में दुर्भाग्य पूर्ण है ।

## साइबर अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कमिश्नर कार्यालय मे हुई बैठक

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी**



नोएडा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह की अध्यक्षता, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार के पर्यवेक्षण व डीसीपी क्राइम के नेतृत्व में ठअररउडट व अङर क्ळ सर्विसेज के सहयोग से साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, लोगों को साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक करने व साइबर फोरेंसिक विषयों के संबंध में पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 के सभागार में पुलिसकर्मियों हेतु साइबर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह की अध्यक्षता, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार के पर्यवेक्षण व डीसीपी क्राइम के नेतृत्व में ठअररउडट के पदाधिकारियों सुमबुल सलीम, यशवर्धन सिंह व अङर क्ळ सर्विसेज की तरफ से आए विशेषज्ञों के सहयोग से साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, लोगों को साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक करने व साइबर फोरेंसिक विषयों के संबंध में पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 के सभागार में पुलिसकर्मियों हेतु साइबर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अङरक्ळ सर्विसेज के प्रशिक्षकों कर्नल राजेश शर्मा, आदित्य बावेजा, रोबिन वर्मा व मनोज सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मियों को साइबर अपराधों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई और अलग-अलग किस्म के साइबर अपराधों से निपटने के लिए सहायक टूल्स के बारे बताया गया। नष्ट किए गए डाटा की रिकवरी करने, डाटा सुरक्षित रखें, शिकायतकताओं की समस्याओं के अविलम्ब निस्तारण, लोगों को अलग-अलग किस्म के फ्रॉड के संबंध में जागरूक करने व साइबर फोरेंसिक विषयों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

इस मौके पर डीसीपी ग्रेटर नोएडा अभिषेक वर्मा, एडीसीपी क्राइम रणविजय सिंह, एसीपी क्राइम श्यामजीत सिंह व सभी थानों से आए लगभग 150 पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## 10वे स्पोर्ट्स इंडिया इंटरनेशनल एक्सपो 2022 का उद्घाटन

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा भारतीय खिलाड़ी राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं साथ ही भारत अपने समग्र खेल प्रबंधन को भी मजबूत कर रहा है प्रगति के इस मार्ग पर एक कदम आगे 10वे स्पोर्ट्स इंडिया इंटरनेशनल एक्सपोर्ट 2022 का आयोजन ग्रेटर नोएडा में किया गया।

यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी है। 4 से 6 अगस्त तक इंडिया एक्सपो सेंटर ग्रेटर नोएडा में चलेगी ।



इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारत को विश्व खेलों में महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाना है। इस आयोजन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने किया।

इंडियन एक्सपीडिशन सर्विसेज और स्पोर्ट्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा यह आयोजन संयुक्त रूप से किया गया।

यह फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया स्पोर्ट्स गुड्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल वाणिज्य मंत्रालय और एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समर्थित है।

यह आयोजन दुनिया भर में 100 से अधिक और दर्शकों और प्रतिदिन 5000 से अधिक आगंतुकों की पेशकश कर रहा है। दुनिया भर में मशहूर ब्रांड जैसे शिव नरेश स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड स्पोर्टसन सिम कार्ड इंटरनेशनल फिटनेस वर्ल्ड नेशनल स्पोर्ट्स रोहतक स्पोर्ट एकेडमी एसोसिएशन आफ इंडिया खालसा ,जिमनास्टिक, बालाजी एक्सपोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड , सोमानी इंटरप्राइजेज एक्सपोर्ट इंडिया में खेल के सामान और उपकरणों का निर्माण करने वाली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निमार्ताओं के लिए एक बी 2 बी व्यापार मंच है ।यह खेल के सामान और उपकरणों का निर्माण करने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निमार्ताओं के लिए खेल खेल व्यवसाय और खेल गतिविधियों में शामिल लोगों संस्थानों विश्वविद्यालयों और कई ब्रांडों के लिए एक मंच है जो भारत में खेल प्रबंधन विकसित करने की इच्छुक हैं यह भारत में विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने के लिए विचारों का आदान प्रदान करने ज्ञान साझा करने का एक खुला मंच भी है ।

भारतीय प्रदर्शनी सेवाओं के निदेशक सुदेश कुमार के अनुसार खेलों में देश के लिए रोजगार के बहुत सारे अवसरों के साथ एक संतुष्ट दायक कैरियर की संभावना है खेल आप आपको मजबूत और अधिक शारीरिक रूप से सक्रिय बनाने के साथ-साथ आपके कैरियर को भी आकार दे सकते हैं। यह को युवाओं को खेलों के बारे में एक कैरियर के रूप में शिक्षित करेगा और भारत में खेल व्यवसाय विकास के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा।

फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सचिव पीयूष जैन ने कहा कि यह एसपोर्ट भारत में खेल उद्योग के विकास के लिए एक स्थान है खेल हमारे आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करते हैं क्योंकि खेल क्षेत्र के विकास का हमारी अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। न केवल खेल के सामान के उत्पादन में बल्कि समग्र रूप से अर्थव्यवस्था पर भी अधिक जन शक्ति प्रदान करता है क्योंकि खेलों में भागीदारी बढ़ने से जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो जाती है इस प्रदर्शनी में मुख्य विशेषताएं स्पोर्ट इंडिया कॉन्फ्रेंस भारत खेल महाशक्ति के रूप में उभर रहा है सपोर्ट इंडिया अवार्ड भी दिया जा रहा है सपोर्ट इंडिया फैशन शो का भी आयोजन किया जा रहा है सपोर्ट इंडिया बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप स्पोर्टइंडिया प्रिंसिपल्स एंड कोच में सपोर्ट इंडिया फॉर स्पोर्ट्स गुड्स फैक्करिंग फोरम तकनीकी पर उद्योग सम्मेलन और राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित किया जा रहा है।

## ऑल इण्डिया एम.सी.ई.ए. संगठन की मंडलीय समीक्षा बैठक अलीगढ़ में

(हरेश उपाध्याय) दिल्ली/अलीगढ़ :- ऑल इण्डिया महापदमनन्द कम्युनिटी एजूकेटेड एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव अवध राज नन्द के द्वारा संगठन की पूर्व से प्रस्तावित समीक्षा बैठक ऑल इण्डिया महापदमनन्द कम्युनिटी एजूकेटेड एसोसिएशन अलीगढ़ मण्डलके अध्यक्ष सूरज पाल सिंह नेताजी की अध्यक्षता में दिनाँक 14/08/2022 को क्वार्सी चौराहा निकट मॉर्डन गार्डन, अलीगढ़ में समय सुबह 09:00 बजे आहूत की जाएगी । समीक्षा बैठक में ऑल इण्डिया महापदमनन्द कम्युनिटी एजूकेटेड एसोसिएशन अलीगढ़ मण्डल के जनपद अलीगढ़, कासगंज, एटा, हाथरस तथा तहसील कोल, इगलास, खैर, महानगर अलीगढ़ संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अवधराज नन्द द्वारा समीक्षा की जायेगी व समाज उत्थान एवं संगठन हित के लिये लोगों से सुझाव भी लिये जायेंगे ' तथा *वर्ष 2022 में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, स्नातकोत्तर, मैकेनिकल, टैक्नीकल डिप्लोमा धारक 70% से अधिक अंक प्राप्त मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा एवं अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ में गत वर्ष समाज के निर्वाचित हुये ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी सम्मानित किया जागेगा ' मेधावी छात्र /छात्राएँ अपनी अपनी अंक तालिकायें तथा ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने जीत के प्रमाणपत्र की छाया प्रति अपने अपने आधार कार्ड की छाया प्रति सहित हँ३२अस्त्रस्त्र 8923477709,प्त8410249446 नंबरों पर 10/08/2022 तक उपलब्ध कराएं।

## कानपुर में सिख दंगा : जेल के लिए एसआईटी को अभी 54 और लोगों की तलाश

### 127 की हत्या में अब तक 19 गिरफ्तार 54 की तलाश में छापे

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां सन 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए दंग में की गई 127 लोगों की हत्या में यहां अब तक 19 आरोपियों को गिरफ्तार का जेल भेजा जा चुका है ,जबकि 54 लोगों की तलाश लगातार जारी है।

कुल मिलाकर सिख विरोधी दंगे की जांच में गठित एसआईटी गिरफ्तारी के अपने अभियान में लगातार जुटी हुई है

अवगत कराते चलें कि 31 अक्तूबर 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए दंगों में शहर में 127 सिखों की हत्या कर दी गई थी । डीआईजी बालेंदु भूषण की अगुवाई में आजकल इसकी जांच एसआईटी कर रही है।

आरोपियों की जारी गिरफ्तारी के क्रम में हाल में दी यहां किदवई नगर में हुए डबल मर्डर के तीन आरोपियों राजन लाल पांडेय, दीपक व धीरेंद्र कुमार तिवारी तथा चार घटनाओं के मुख्य आरोपी रहे बी ब्लॉक दबौली निवासी पूर्व पार्षद कैलाश पाल (70) को गिरफ्तार कर जेल की हवा खिलाई जा चुकी है।

फिलहाल सिख दंगों के मामले में एसआईटी की जांच में 12 मामलों में 96 आरोपियों को चिह्नित किया गया है, जिनमें 73 की गिरफ्तारी होनी है। इनमें से 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष 54 आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही है। अधिकारियों के मुताबिक शेष बचे आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा` इसके प्रयास भी लगातार किए जा रहे हैं`

# नौ अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराएंगे सपाई

*–आजादी का 75वीं वर्षगांठ*

*–सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर जुट जाने की अपील की कान्हजी ने*

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

**बलिया :** सपा के निवर्तमान जिला प्रवक्ता सुशील कुमार पाण्डेय 'कान्हजी' ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर जनपद में नौ अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा ध्वज फहराया जाएगा।कान्हजी ने गुरुवार को प्रेस को एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रध्वज को पूरे सम्मान के साथ फहराया जाना चाहिए। राष्ट्रध्वज की पवित्रता एवं गरिमा कायम रहनी चाहिए। कान्हजी ने कहा कि स्वेच्छा से प्रत्येक नागरिक अपने आवास पर राष्ट्रध्वज फहराएं। राष्ट्रीय ध्वज खादी का बना हो। राष्ट्रध्वज हमारे



राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। उस पर हर भारतीय गर्व करता है। कान्हजी ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने अपील में कहा है कि शहर-गांव, अमीर-गरीब, किसान-श्रमिक, व्यापारी- दुकानदार- सरकारी एवं प्राइवेट संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों, सभी को इस आयोजन में स्वेच्छा से सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। इस अभियान में किसी को भी जुड़ने से बचना नहीं चाहिए। प्रत्येक नागरिक अपना राष्ट्रीय कर्तव्य समझकर इस अभियान में शामिल हों। राष्ट्रध्वज के दिन-रात फहराए जाने पर भी अब कोई प्रतिबंध नहीं है। कान्हजी ने समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं का अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर 9 से 15 अगस्त 2022 के बीच नित्य अपने आवास पर राष्ट्रध्वज को ससम्मान फहराये जाने में सहयोग करने का एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देष के पालन हेतु आह्वान किया।

# पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय में चोरी

कृष्ण मुरारी पांडेय, दैनिक समाज जागरण

**नगरा ( बलिया ) :** पंचायत भवन पर कोई सुरक्षा व्यवस्था न होने से चोरों ने उसमें रखे सामानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। बुधवार की रात चोरों ने कोठियां में लबे सडक स्थित पंचायत भवन का ताला तोड़ कर प्रधान, सचिव की वीआईपी दो कुर्सी व अन्य 10 कुर्सियों



सहित समरसेबल के स्टार्टर को चुरा लिया। इसी क्रम में सामुदायिक शौचालय का ताला तोड कर चोरों ने पानी का टैंक, वायरिंग का तार, बिजली बोर्ड , 7 बल्ब व समरसेबल के स्टार्टर को चुरा लिया। बता दें कि कोठियां का सामुदायिक शौचालय गांव से एक किमी दूर निर्जन स्थान पर बना हुआ है। यह कभी खुलता ही नहीं है। हमेशा ताला लटका रहता है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि यशवंत कुमार ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता के लिये निकली जागरुकता रैली तैयारी आजादी के अमृत महोत्सव की

*–जनता इंटर कालेज व नगर पंचायत ने रैली निकाल लोगों को किया जागरूक*

कृष्ण मुरारी पांडेय, दैनिक समाज जागरण

**नगरा ( बलिया ) :** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर प्रदेश भर में चल रहे अमृत महोत्सव के तहत 11 से 17 अगस्त तक आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता के लिये गुरुवार को जनता इंटर कालेज नगरा व नगर पंचायत द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई। इस दौरान भारत माता की झांकी ने सबका मन मोह लिया। नगर पंचायत व जनता इंटर कालेज परिसर से शुरू



हुई रैली बाजार के नगरा सिकंदरपुर मार्ग, नगरा रसडा मार्ग, नगरा भीमपुरा मार्ग व ब्लाक का भ्रमण करती हुई पुनः कालेज परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान भारत माता की जय व तिरंगा हमारी शान, हर घर में तिरंगा फहरेगा आदि नारों से समूचा वातावरण ही गूंज उठा। नगर पंचायत का नेतृत्व अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव व जनता इंटर कालेज के छात्रों का नेतृत्व प्रधानाचार्य डा. उमेशचंद पांडेय ने किया। नगर पंचायत की रैली में जूनियर हाईस्कूल नगरा के छात्रों ने सहभागिता की। रैली में राकेश सिंह, ओमप्रकाश राम, जितेंद्र सैनी, प्रदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सरयू (घाघरा) नदी हुई खतरा बिंदु पार, लोगों में भारी दहशत

*–दियारा क्षेत्र में हजारो एकड़ उपजाऊ जमीन नदी में विलीन*

कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण

**बांसडीह (बलिया) :** सरयू (घाघरा) नदी अब जिले में अब खतरा बिंदु को पार कर चुकी है। लगातार जलस्तर में वृद्धि के कारण लोगों में दहशत बना हुआ है। गुरुवार की सुबह को डीएसपी हेड पर 64.05 जलस्तर का मापन हुआ। जब कि खतरा बिंदु 64.01 है। वहीं उच्चतम खतरा बिंदु 66.00 है। चांदपुर में 57.38 है वहां भी खतरा बिंदु 60.24 है। जबकि शाम चार बजे जलस्तर 64.050 डीएसपी हेड पर मापा गया। सरयू (घाघरा) नदी के लगातार जलस्तर में



बृद्धि से इलाकाई लोग दहशत में है। हजारों एकड़ उपजाऊ जमीन नदी में विलीन हो गई। दियारा क्षेत्र के रिगवन छावनी, नवकागाँव, बिजलीपुर, कोटवा, खादीपुर (मलाहीचक), सुल्तानपुर चक्की दियर, भोजपुरवा, टिकुलिया आदि गाँवों के किसानों के लगभग हजारों एकड़ खेत घाघरा में समाहित हो चुके हैं। तटवर्ती गांव की उपजाऊ जमीन को हमेशा की तरह इस बार भी धीरे-धीरे नदी काटकर अपने आगोश में ले रही है। जिससे इलाके के लोग परेशान हैं। नदी का रौद्र रूप देखकर किसानों के माथे की चिंता की लकीरें बढ़ गई है। विवशता तो ये है कि उन्हें अपनी जमीन को बचाने का कोई उपाय नहीं सूझ रहा। आए दिन नदीं सैकड़ों एकड़ उपजाऊ जमीन को अपने आगोश में ले रही है। पेड़ भी नदी में समाहित हो रहे हैं। जिससे दियारे के लोग भय में है। इनका कहना है कि अभी यह हालत है तो नदी का रौद्र रूप सामने आने पर क्या होगा। स्थिति कहीं 1998 की तरह तो नहीं हो जाएगी।

# उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने ग्रहण किया पदभार

अतुल राय, दैनिक समाज जागरण

**नवानगर (बलिया) :** राजकीय पशु चिकित्सालय सिकंदरपुर में बृहस्पतिवार को उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ रामजी यादव ने अपना कार्यभार संभाल लिया । इस क्रम में वहां पर तैनात कर्मचारियों द्वारा अपने अधिकारी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सरकार के निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए पशुओं को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना ही हमारी प्राथमिकता है। कहा कि सरकार की ओर से दी जाने वाली हर



सुविधा पशुपालकों को मुहैया कराया जाएगा। इस दौरान फार्मासिस्ट शिवकुमार नंदन, सुरेश राम, व्यास यादव, राजकुमार राम, विकास यादव, रामबाबू, आनंद राय ,मयंक श्रीवास्तव सहित अन्य पशु चिकित्सक व पशुपालक गण उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर आलोक कुमार गौरव व संचालन शिव कुमार नंदन ने किया।

# रतसर इण्टर कालेज के संस्थापक स्व. ठाकुर सहजानंद सिंह को किया नमन

*–प्रतिमा पर सभी ने किया माल्यार्पण, रखा दो मिनट का मौन*

जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण

**रतसर** इंटर कालेज के संस्थापक स्व. ठाकुर सहजानंद सिंह की प्रतिमा के समक्ष उपस्थित हो सभी विद्यालय परिवार ने उनको याद किया। उन्हें नमन कर सभी ने माल्यार्पण किया औऱ दो मिनट मौन भी रखा। सहजानंद सिंह जी की स्मृति मे बाबा की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं शोक संवेदना हमारे एवं विद्यालय परिवार ने व्यक्त कर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसी क्रम में अक्सा एजूकेशनल एण्ड सोशल वैलफेयर सोसायटी रतसर कला के द्वारा गोद लिए ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) के रोगीयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र



,रतसर कला में मास्क, फल, दूध, दलीया, सैनेटरी पैड, बिस्किट, नमकीन का निःशुल्क वितरण किया गया। इसी क्रम में पौधरोपण कर पर्यावरण रक्षा के संकल्प को दोहराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुक्तानन्द सिंह (प्रबन्धक ) रतसर इण्टर कालेज, स्मृति सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान व संरक्षक तृप्ति सिंह अक्सा फाउंडेशन, दीप्ति सिंह (सचिव) प्रधानाचार्य व समस्त रतसर इण्टर कालेज विद्यालय परिवार, डाक्टर राकिब अख्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इंचार्ज , डॉ अब्दुल कादिर, डॉ अमित वर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

# 11 अक्टूबर को बलिया के आखिरी छोर जयप्रकाश नगर आएंगे गृह मंत्री अमित शाह

*–होगा जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक का उद्घाटन*

*–भाजपा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने मुलाकात कर लिया उनका समय*

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

**बलिया :** भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद बलिया वीरेंद्र सिंह मस्त गृह एवं सहकारीता मंत्री भारत सरकार अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की। मुलाकात कर सांसद ने प्राकृतिक खेती को सहकारिता से जोड़कर इसके क्रय विक्रय एवं उत्पादन में सहयोग के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की। सांसद मस्त ने इसी दौरान 11अक्टूबर को अमित शाह का बलिया के जयप्रकाश नगर में समय भी फिक्स किया है। गृह मंत्री अमित शाह 11 अक्टूबर को जयप्रकाश नगर



आएंगे। गृह मंत्री द्वारा इस योजना को सफल बनाने हेतु एक समिति का गठन करने की बात कही जो सहकारिता के सहयोग से प्राकृतिक खेती के किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ एवं लागत को कम कैसे किया जा सके इसकी रिपोर्ट उन्हें सौंपे। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट द्वारा जय प्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक बनाने का निर्णय लिया गया। जिसके अध्यक्ष होने के नाते मस्त ने अमित शाह से लोकार्पण का आग्रह किया गया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। लोक नायक जय प्रकाश नारायण सहकारिता के प्रबल समर्थक रहे हैं। अतः उनकी जयंती पर अमित शाह द्वारा सहकारिता से जुड़े देशव्यापी योजना का शुभारम्भ उनकी जनमस्थली से शुरू कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलिअर्पित की जाएगी।

# लाल बालू का काला खेल : ट्रक की बालू बैध, ट्रैक्टर अवैध

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

**बैरिया (बलिया) :** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के प्रावधान के तहत अगले एक जुलाई से पुरे भारत में नदियों से बालू का खनन बंद हो गया है। बालू खनन पर यह रोक 30 सितंबर तक यानी तीन माह तक जारी है। इस दौरान वही बालू बाजार में आएगा, जिसका भंडारण एक जुलाई से पहले कर लिया गया है। लेकिन अवैध तरीके से बिहार मे खनन करके डोरीगंज, रिविलगंज गौतम स्थान,माझी मे नाव से लाल बालू का भंडारण किया जा रहा है। एवं अवैध तरीके से ट्रक पर लोड कर परिवहन भी हो रहा है सूत्रों की माने तो फर्जी तरीके माझी बॉर्डर पर खनन का टिपी बना बना कर बिहार सहित यूपी में ओवरलोड ट्रकों से परिवहन किया जा रहा है। जिसमें बड़े बड़े राजनीतिक पार्टियां के सफेदपोश एवं शासन प्रशासन के मिलीभगत से कारोबार बहुत आराम से बिहार से यूपी के बा-



ॅर्डर माझी बैठे दलाल के माध्यम से फर्जी उत्तर प्रदेश का टीपी बनाकर बैरिया, रेवती ,बांसडीह, हल्दी, दुबहर बलिया के रास्ते दूर-दूर तक पहुंच रहा है। वही छोटे टपका के ट्रैक्टर ट्राली मालिक का माने तो वही बालू यदि नाव से आकर ट्रैक्टर पर लोड हो रहा है तो उसे विभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा अवैध माना जा रहा है और वही ट्रक से जा रहा है तो उसको वैध बोला जा रहा है। छोटे बालू का व्यवसाय करने वाले लगभग 8 महीना से बंद होने से ट्रैक्टर ट्राली एवं उनके खेत नीलाम होने के कगार पर है। इनसेट...जिला खनन अधिकारी द्वारा बताया गया कि पुरे भारत वर्ष मे मानसून सत्र मे न्यायाधिकरण (एनजीटी) के प्रावधान के तहत नदी मे खनन बंद रहेगा। उत्तर प्रदेश में एक कर रखी गयी है जोकी बाहर से आने वाली ट्रक गाड़ियां 50 प्रति धन मिटर देकर कर धुसेगा जिसका कोई काउनट नहीं रखा गया है। आनलाइन मोबाइल से निकाल लिया जाता है। यदि फर्जी टिपी चालान पर गाड़ी आती है तो उस पर उचित करवाई होगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैठक

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

**बलिया :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में एवं सर्वेश कुमार मिश्र सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के संचालन में बैठक आयोजित हुई। जनपद के समस्त तहसीलदार/सचिव, तहसील विधिक सेवा समिति एवं समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत प्री-ट्रॉयल बैठक राष्ट्रीय लोक अदालत 13 अगस्त को व्यापक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से की गयी। बैठक में 13 अगस्त को आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु विचार विमर्श किया गया। लम्बित मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण किये जाने हेतु चर्चा की गयी। हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी लोक अदालत, बलिया एवं न्यायाधीश/सचिव, सर्वेश कुमार मिश्र



द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त तहसीलदार/सचिव, तहसील विधिक सेवा समिति व समस्त अधिशासी अधिकारी को उनके क्षेत्राधिकार से सम्बन्धित राजस्व वादों का सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण करा कर, राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने का सुझाव दिया गया तथा अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करने पर बल दिया गया। तथा इसी क्रम में यह निर्देशित किया गया कि लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार, स्थानीय स्तर पर सहयोग प्राप्त करते हुये करें, तथा आम जनता को लोक अदालत के प्रति जागरूक करें। साथ-ही अपने मामलें को यथासम्भव विधिक प्रावधानों के अधीन रहते हुये सुलह-समझौते एवं लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराने हेतु जनता को प्रेरित करें। बैठक में हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, सर्वेश कुमार मिश्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया, तहसीलदार सिकन्दरपुर श्रवण कुमार राठौर, तहसीलदार रसड़ा प्रभात कुमार सिंह, तहसीलदार सदर सदानन्द सरोज, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रसड़ा राजेन्द्र प्रसाद, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सहतवार रामबदन यादव एवं आलोक कुमार उपस्थित रहे।

# तटवर्ती लोगों के माथे पर चिंता की लकीर गहरी करने लगी सरयू नदी की बाढ़

*–अठखेलियां कर रही नदी की लहरों से भयाक्रांत हो रहे तटबंधीय इलाकाई लोग*

ऋतुराज तिवारी 'बिन्दु'दैनिक समाज जागरण

**रेवती (बलिया) :** नदी सरयू के जल स्तर में तेजी से बढ़ाव होने के कारण घाघरा तटबन्धीय इलाकाई लोगों के माथे पर चिन्ता की गहरी लकीरें खिंचने लगी है। प्रति घंटा 1 सेंटीमीटर से ऊपर की रफ्तार से नदी सरयू का बढ़ाव निरंतर जारी है। चांदपुर गेज पर नदी का जलस्तर खतरा बिन्दू 58 मीटर के सापेक्ष गुरुवार की सुबह 57.38 सेंटीमीटर पर पहुंच गया। खतरा बिन्दू से अठखेलियां कर रही नदी की लहरों को देख तटबंधीय इलाकाई लोग भयाक्रांत होने लगे हैं। करीब चार दशकों से नदी सरयू की प्रचंड लहरों से टक्कर लेते-लेते टीएस बन्ध कमजोर हो चुका है। तटबंधीय इलाकाई लोगों का कहना है कि नदी का बढ़ाव इसी क्रम में जारी रहा तो फिर बन्धे को बचाना मुश्किल हो



जायेगा। अगर नदी का दबाव बन्धे पर बना तो उससे भी भयंकर मंजर यहां के लोगों को झेलना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कहा कि बाढ़ विभाग द्वारा नदी के बढ़ाव के साथ ही फ्लड फाइटिंग के नाम पर धनार्जन का कार्य शुरू कर दिया जाता है। नदी की तीव्र लहरों ने बीते दशकों में आधे दर्जन से अधिक गांव का अस्तित्व विहीन कर दिया है। शिवपुर, सेमरा, मांझा, नवकागांव( आंशिक ), आसमानपुर आदि गांवों को नदी पहले ही अपने आगोश में ले चुकी है। यही नहीं सैकड़ों एकड़ भूमि को भी नदी ने अपने में समाहित कर लिया है। जिसकी वजह से कभी दूध के सागर के नाम से विख्यात घाघरा दियरांचल में पशुपालक इस धंधे से मुंह मोड़ कर या तो दूसरा धंधा कर लिए हैं अन्यथा अन्य प्रदेशों में प्राइवेट नौकरी करके अपना तथा अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। घाघरा नदी के तीव्र कटान से विस्थापित आज भी टीएस बन्धे पर झुग्गी झोपड़ी लगाकर जान जोखिम में डालकर जीवन यापन करने को विवश हैं। नदी के बढ़ाव की वजह से अब पशुओं के चारे के लिए भी समस्या उत्पन्न हो गई है।

# विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर का अधिवेशन और ब्लॉक चुनाव

ऋतुराज तिवारी बिन्दु, दैनिक समाज जागरण

**रेवती (बलिया) :** विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन बलिया के रेवती ब्लॉक का चुनाव और अधिवेशन गुरूवार की शाम सम्पन्न हुआ। अधिवेशन का उद्घाटन एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ.घनश्याम चौबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवनीश सिंह, संरक्षक अरुण सिंह, संयुक्त मंत्री नित्यानन्द पांडेय, मीडिया प्रभारी डॉ आशुतोष शुक्ला, संगठन मंत्री जितेन्द्र यादव व उपेन्द्र नरायन सिंह ने संयुक्त रूप से किया। सभी ने मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. घनश्याम चौबे ने कहा कि हर शिक्षक समस्या के समाधान के लिये हम संकल्पित हैं । आने वाला समय हमारे लिये अनेक चुनौतियों को लेकर आने वाला है और हमें हर चुनौतियों का सामना संगठित होकर करना है। डॉ. चौबे ने कहा कि रेवती ब्लॉक की हर शिक्षक समस्या हम तक पहुंचाये। उसका हर हाल में समाधान किया जायेगा। अधिवेशन के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुये जनपदीय पदाधिकारियों ने शिक्षक हितों के संकल्प की प्रतिबद्धता दुहराते हुये हर चुनौतियों का सामना अगली कतार में खड़े रह कर करने की बात कही।वहीं जयशंकर जी ने



अपनी प्रस्तुति द्वारा कार्यक्रम में शमां बांध दिया। अधिवेशन के दूसरे सत्र में सैकड़ों शिक्षकों ने सर्वसम्मति से ब्लॉक के पदाधिकारियों का चुनाव किया। ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर अरविन्द श्रीरश्मि व मंत्री के पद पर कमलेश यादव का निर्विरोध चुनाव हुआ। इसके साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर निर्भयनारायन सिंह, उपाध्यक्ष के पद पर पवन यादव और विजय कन्नौजिया, संगठन मंत्री के पद पर जितेन्द्र गौड़, हरीशचन्द्र कुशवाहा और प्रभात जी, संयुक्त मंत्री के पद पर अजीत सिंह, गोरख नाथ यादव और सुनील कुमार अंचल, कोषाध्यक्ष के पद पर राजकुमार यादव, ऑडिटर के पद पर धनंजय यादव, मीडिया प्रभारी के पद पर रजत मद्धेशिया का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। पूरे सदन ने एक स्वर से श्री अरविन्द पाण्डेय को अपना संरक्षक चुना। पद और गोपनीयता की शपथ जनपद द्वारा नामित चुनाव अधिकारी जिला मीडिया प्रभारी डॉ आशुतोष शुक्ला व चिलकहर ब्लॉक के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने दिलायी। अध्यक्षता अरविन्द पांडेय व संचालन शमार्नाथ यादव ने किया।

# गीता वर्मा बनीं भाजपा किसान मोर्चा की जिलामंत्री

ब्रजेश कुमार दुबे, दैनिक समाज जागरण

**गड़वार (बलिया) :** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार स्थानीय कस्बा निवासी गीता वर्मा को भाजपा किसान मोर्चा क जिलामंत्री बनाया गया है। जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा संतोष कुमार पांडेय ने उक्त मनोनय का एलान किया है। उक्त खबर की जानकारी होते ही पार्टी की महिला सदस्यों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर गीता वर्मा ने कहा कि वह अपने नए



दायित्व का पूरे मनोयोग से कर्तव्य पूर्ण ढंग से निर्वहन करेंगी। इस अवसर पर अर्पिता, रितु, प्रियंका दुबे, प्रियंका देवी, पार्वती देवी, संगीता गिरि आदि मौजूद रहीं।

# 11 अगस्त को बलिया में अधिकार सेना की जिला कार्यकारिणी पर विचार करेंगे अमिताभ ठाकुर

*–पूर्व आईपीएस ने किया है बलिया से लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान*

*–लोकसभा चुनाव के लिए बलिया में चुनाव कार्यालय खोलने पर भी करेंगे मंत्रणा*

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

**बलिया :** जिले के पुलिस अधीक्षक रह चुके पूर्व आईपीएस अधिकारी और बलिया से लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके अमिताभ ठाकुर 11अगस्त को बलिया में रहेंगे। इस दौरान अमिताभ ठाकुर अपने दल अधिकार सेना की जिला कार्यकारिणी गठित करने की व्यवस्था करेंगे। दिन भर लोगों से मिलेंगे भी। अधिकार सेना पार्टी के संयोजक अमिताभ




ठाकुर अपनी पत्नी डॉ नूतन ठाकुर के साथ बलिया आएंगे। वे अपने सभी साथियों एवं कार्यकताओं से मुलाकात एवं वार्ता करेंगे तथा अपने साथियो के साथ मिलकर लोक सभा चुनाव 2024 के संबंध में रणनीति बनायेंगे। वे अधिकार सेना की जिला कार्यकारिणी के गठन तथा अपने बलिया स्थित चुनाव कार्यालय के संबंध में भी निर्णय करेंगे। साथ ही चुनावों को लेकर अपनी टीम की जिम्मेदारी भी तय करेंगे। अमिताभ ने अपने साथियों एवं कार्यकताओं से अधिकाधिक संख्या में उनसे मुलाकात करने का अनुरोध किया है और कहा है कि वे 10 अगस्त की रात बलिया आने के बाद से बलिया से जाने तक लगातार अपने साथियों एवं कार्यकताओं के लिए उपलब्ध रहेंगे। अमिताभ ठाकुर के बलिया से 2024 लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद यह पहली यात्रा है।

# अदबो एहतराम के साथ निकला पांच मोहर्रम का जुलूस

*–आदर्श नगर पंचायत सिकंदरपुर में*

*–सभी जुलूस में तिरंगा को शामिल कर मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव का जशन*

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण

**सिकन्दरपुर (बलिया) :** आदर्श नगर पंचायत सिकंदरपुर में गुरुवार की सुबह मातमी पर्व मुहर्रम के उपलक्ष्य में पांच मोहर्रम का जुलूस बड़े ही अदबो एहतराम के साथ सभी मोहल्लों से मुस्लिम बन्धुओं द्वारा निकाला गया जिसमें मोहल्ला मिल्की, मोहल्ला गन्धी, मोहल्ला बड्डा, मोहल्ला डोमनपुरा समेत सभी मोहल्लों से भारी संख्या में मुस्लिम बंधुओं ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम सभी मोहल्ले का जुलूस,मोहल्ला बड्डा स्थित दरगाह के मैदान में इकट्ठा होकर कुराने पाक की तिलावत की गई। तत्पश्चात वहां से जुलूस को आगे बढ़ाया गया,



जिसमें मोहल्ला बड्डा, मोहल्ला भिखपुरा, मोहल्ला गन्धी ,चौक बाजार,मोहल्ला मिल्की, मोहल्ला इद्रिसिया, मोहल्ला डोमनपूरा होते हुए कर्बला के मैदान में जाकर तिलावत व फातिहा के साथ समाप्त हुआ। पूरे जुलूस के दौरान हर मोहल्ले के नौजवानों द्वारा जगह जगह पर शरबत व काबुली की व्यवस्था की गई थी। जिसको जुलूस को रोक रोक कर लोगों मे तक्सीम किया जा रहा है। वही आजादी के अमृत महोत्सव के 75वें वर्षगांठ के उपलक्ष में हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर मोहल्ले के जुलूस के आगे तिरंगा झंडा लहराया गया। इस दौरान नगर पंचायत चुनाव में भावी प्रत्याशियों ने भी जगह जगह लोगों का इस्तकबाल किया। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह चौकी प्रभारी मुरारी मिश्रा पुलिस व पीएसी के जवानों के साथ मौजूद रहे।

# 24 बोतल शराब के साथ बिहार का एक तस्कर गिरफ्तार

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

**बैरिया (बलिया) :** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बैरिया के चौकी प्रभारी सुनील सिंह ने मंगलवार की देर शाम एक व्यक्ति को रानीगंज पुल के समीप से 24 बोतल शराब के साथ गिरफ्तार किया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि अपराध व शराब तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान की कड़ी मे रानीगंज पुल के समीप चेकिंग में उक्त व्यक्ति पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम अनिल कुमार पुत्र राजेन्द्र महतो भगवान बाजार छपरा बिहार बताया। इसके पास से 24 बोतल रॉयल स्टेग शराब एक झोले से बरामद हुई। अनिल ने बताया कि बिहार में शराब बंदी होने से शराब की डिमांड बढ़ने से इसे यहां से खरीदकर छपरा बिहार में शराब को महंगे दामों पर बेचकर अपने व अपने परिवार का इसके मुनाफे से खर्च चलाता हूँ। पुलिस ने राजेन्द्र के पास मिली शराब को जब्त कर उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर गुरुवार को न्यायालय चालान भेज दिया।

# जिला पंचायत राज अधिकारी ने सात प्रधानों को दिया कारण बताओ नोटिस

*–बड़ी कार्रवाई*

*–जिलाधिकारी के निर्देश का अनुपालन नही करने का सभी पर है आरोप*

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

**बैरिया(बलिया) :** स्थानीय ब्लाक में छह एवं मुरली छपरा ब्लॉक के एक प्रधान को जिला पंचायत राज अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। डीपीआरओ यतेंद्र सिंह ने प्रधानों पर उच्चाधिकारियों के निर्देश का अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए तिन दिन के अंदर स्पष्टीकरण जिला पंचायती राज अधिकारी कार्यालय में देने का निर्देश दिया है। डीपीआरओ के शक्ति से प्रधान में हड़कंप मचा है। बताया जाता है कि डीएम के अध्यक्षता में बीते 28 जुलाई को बैरिया ब्लाक में पेयजल व जलभराव से निजाजत दिलाने के लिए बैठक आयोजित की गई थी ब्लॉक के सभी प्रधान को इसकी सूचना दी गई थी। लेकिन बैरिया ब्लाक के भीखा छपरा प्रधान भुनेश्वर राम, दया छपरा प्रधान हृदयनंद वर्मा,नौका गांव प्रधान राजनी सिंह, चकिया प्रधान मंजीत पासवान, मानगढ़ प्रधान राजकुमार यादव,श्रीकांत पुर प्रधान अरुण यादव बैठक में उपस्थित नही थे। इसके चलते इन पंचायतों में साफ-सफाई व पेयजल आदि की व्यवस्था की जानकारी नहीं मिल पायी। डीपीआरओ ने इन अन्य दायित्वों को निर्वाह में चूक मानते हुए बैठक में अनुपस्थित रहने का कारण बताते हुए स्पष्टीकरण तिन दिन के अंदर देने को कहा है। चेतावनी भी दी है कि यदि स्पष्टीकरण संतोष जनक एवं समय से नहीं प्रस्तुत किया गया तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उधर मुरली छपरा ब्लॉक के शिवपुर कपूर दिया के प्रधान शीला देवी द्वारा स्वच्छता मिशन( ग्रामीण ) फेस 2 के तहत पंचायत में कूड़ा प्रबंधन केंद्र निजी जमीन पर कराया जा रहा है जो कि नियम के विरुद्ध है। संज्ञान लेते हुए डीपीआरओ ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है स्पष्टीकरण नहीं देने पर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई होगी।

# शराब ठेकेदारों द्वारा घर पहुंच सेवा देकर पिलाई जा रही है शराब

## *हर गली,पान ठेला,ढाबा और किराना दुकान में उपलब्ध है शराब*

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बिरसा/बालाघाट।शासन ने सुरा प्रेमियों के लिए वैसे तो हर तहसील में आबादी के हिसाब से तीन या चार शराब ठेके खोलने का लाइसेंस शराब ठेकेदारों को दिया है।लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं आबकारी विभाग के रहमो करम पर हर तहसील के हर गली मोहल्ले, पान ठेले,किराना दुकान तथा मुख्य मार्ग पर स्थित ढाबो पर आसानी से शराब उपलब्ध है जिसको शराब ठेकेदारों के कर्मचारी या यूं कहें गुंडे रोजाना अपने वाहनों में भरकर पुलिस थाना या पुलिस चौकी के सामने से सभी गांवों और ढाबो में पहुंचाने का कार्य करते है लेकिन मजाल है कि कोई पुलिस वाला उक्त गुंडों को रोक कर पूछें कि भाई तुम लोग अपने वाहन में भरकर रोजाना शराब को कहाँ ले जाते हो।ऐसा पूछने की हिम्मत न तो पुलिस थाना प्रभारी करते है और न ही आबकारी विभाग।घर घर पहुंच शराब से शराबियों की तो बल्ले बल्ले हो जाती है लेकिन इस शराब खोरी से परिवार बिखर जाता है।खासकर गरीब परिवार इसके चपेट में ज्यादा आते है।दिन भर हाड़ तोड़ मेहनत करने वाला मजदूर सौ रुपये की किराना दुकान में मिलने वाली शराब से शराब जरूर लेता है क्योंकि शराब आसानी से मिल जाती है।अगर उक्त मजदूर को घर पहुंच शराब न मिले तो शायद रोजाना कोई भी व्यक्ति शराब पर रुपया खर्च न करें।



*लांजी, परसवाड़ा, बैहर और बिरसा जैसे नक्सल प्रभावित और आदिवासी बहुल इलाकों में शराब का चलन कुछ ज्यादा है,क्योंकि इन तहसीलों में मजदूर एवं आदिवासी समुदाय की संख्या अधिक है जो आसानी से शराब के चंगुल में पड़कर अपना व अपने परिवार को बर्बाद कर रहे हैं।बैहर के आमगांव,बम्हनी,भांडेरी,बिठली,कंदला,बोदा, दलदला,जैतपुरी और कंदई जैसे आदिवासी बहुल इलाकों में आसानी से शराब मिल जाती है।लांजी तहसील के बोदरा,देवरबेली, नल्लीझोरी,नेवर वाही आदि गांवों में आसानी से शराब मिल जाती है।बिरसा तहसील में तो अति ही हो जाती है।हर गांव के हर गली में शराब माफियाओं के द्वारा शराब परोसी जा रही है जिस पर आबकारी विभाग मौन है।अपनी पीठ थपथपाने के लिए कच्ची शराब बनाने वालों पर जरूर कार्यवाही होती है जिससे आबकारी विभाग के ऊपर सवालिया निशान लग रहा है क्योंकि कच्ची शराब का व्यापार करने वाले लोग जंगलों में महुआ से शराब बनाते हैं जिसकी जानकारी पुलिस और आबकारी विभाग को लग जाती है लेकिन मुख्य मार्ग पर स्थित ढाबों, किराना दुकानो,गली मोहल्ले और यहां तक पान बेचने वालों के यहां मिलने वाली शराब पर आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस की नजर नही जाती क्यों?बहरहाल बिरसा तहसील के मानेगांव स्थित एक किराना दुकान में बेची जा रही शराब का वीडियो सुर्खियां बटोर रहा है।हालांकि यह कोई नही बात नही है ऐसे वीडियो बहुत बनते है पर प्रशासन के कानों में जूं तक नही रेंगती क्योंकि पैसा बोलता है।*

# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम, बैहर एसडीएम तन्मय वशिष्ट शर्मा, के सी बोपचे, संदीप सिंह, निकिता सिंह मंडलोई, कामिनी सिंह ठाकुर, श्रीमती ज्योति ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आयुषी जैन, राहुल नायक, सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।



बैठक में सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की गई । इस दौरान सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाये। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण की संतोषजनक स्थिति नहीं पाये जाने पर कटंगी, खैरलांजी, किरनापुर एवं बालाघाट के तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। लोक सेवा केन्द्रों के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान आवेदनों को लंबित रखने एवं समय सीमा में निराकरण नहीं करने के कारण लोक सेवा केन्द्र लांजी एवं खैरलांजी के संचालकों पर जुमार्ना लगाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही लोक सेवा केन्द्र बालाघाट एवं लालबर्रा के संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। समय सीमा में दर्ज प्रकरणों का नियत समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

जाति प्रमाण पत्रों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि राजस्व अनुभाग किरनापुर, वारासिवनी एवं कटंगी में अपेक्षा के अनुरूप प्रगति नहीं है। इन अनुभाग में स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र तत्परता के साथ नहीं बनाये जा रहे है। इस पर कलेक्टर डॉ मिश्रा ने नाराजगी जाहिर की और किरनापुर, वारासिवनी एवं कटंगी एसडीएम को डीओ लेटर लिखने के निर्देश दिये। जाति प्रमाण पत्रों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि खैरलांजी, लालबर्रा एवं वारासिवनी के बीआरसी द्वारा निर्धारित संख्या में आवेदन प्रस्तुत नहीं किये गये है। इस पर खैरलांजी, लालबर्रा एवं वारासिवनी के बीआरसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये कि क्यों न इस लापरवाही के लिए उनका वेतन रोका जाये। लोक सेवा केन्द्रों के संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे जाति प्रमाण पत्र लेमिनेशन करा कर वितरित करेंगें।

कलेक्टर डॉ मिश्रा ने बैठक में सड़क दुर्घटना में मृतकों एवं घायलों को राहत राशि देने एवं प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को राहत राशि देने के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। ऐसे प्रकरणों को अनावश्यक लंबित ना रखा जाये। आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि प्रकरणों का तेजी से निराकरण करें। विभिन्न राजस्व मदों की बकाया वसूली सख्ती से करने के निर्देश दिये गये। बड़े बकायादारों से वसूली के लिए कुर्की, नीलामी की कार्यवाही करने कहा गया।

# खाद्य एवं औषधि विभाग ने की छापामार कार्यवाही

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के आदेशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालाघाट डॉ. मनोज पांडेय के निर्देशन में औषधि निरीक्षक श्रीमति मनीषा धुर्वे एवं उनकी टीम ने गत दिवस वारासिवनी में मेडिकल स्टोर्स पर छापामार कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान दो मेडिकल स्टोर्स से 30 हजार रुपये की मिसब्रांडेड ड्रग्स जब्त की गइ है। औषधि निरीक्षक श्रीमति मनीषा धुर्वे ने बताया कि मे. सिंको फार्मा 01 वार्ड नं0 03 पी.डब्ल्यू. डी. ऑफिस के समाने वारासिवनी एवं में कृष्णा मेडीकल एवं जनरल स्टोर्स 01, वार्ड नं0 03 वारासिवनी पर छापामार कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान इन दुकानों से लगभग 30 हजार रुपये की मिसब्रांडेड ड्रग्स का समस्त स्टॉक एवं दस्तावेजो को जब्त कर लिया गया है। इस प्रकरण में विवेचना जारी है। कार्यवाही के दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन में पदस्थ लिपिक मंसूरी मुबारक भी उपस्थित थे।



# पुलिस अधीक्षक का वाहन चालक ने खाया जहर,स्थिति स्थिर

***समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो***

बालाघाट ।पुलिस अधीक्षक के वाहन चालक आरक्षक ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। प्रारंभिक तौर पर आरक्षक के इस कदम के पीछे पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह नीरज पिता नेपाल सिंह तुमड़ाम (32) ने जहरीली दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसे उल्टियां होने लगी।



नीरज को उलटी करता देख उसकी पत्नी ने पड़ोसी पुलिसकर्मियों की इसकी सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से आरक्षक नीरज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि आरक्षक की स्थिति अभी स्थिर है। नवेगांव थाना परिसर में स्थित पुलिस क्वार्टर में आरक्षक नीरज अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता है। पत्नी और आरक्षण के बीच विवाद के बाद आरक्षक के जहर खाने की बात सामने आई है।

# देवरीखुर्द वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पर विधायक बांधी का भूमिपूजन, नारियल फोड़ रखी विभिन्न विकास कार्यों की नींव ...

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर । मस्तूरी विधायक द्वारा गुरुवार को नगर निगम क्षेत्र वार्ड क्रमांक 42 चंद्रशेखर आजाद नगर व वार्ड क्रमांक 43 बंसीलाल घृतलहरे नगर में विधायक मद से होने वाले लाखों के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया बता दें कि मस्तूरी विधायक द्वारा लगातार मस्तूरी क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात दी जा रही है इसी तारतम्य में गुरुवार को उपनेता प्रतिपक्ष व मस्तूरी विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी द्वारा देवरीखुर्द बिलासपुर वार्ड क्रमांक 42 व 43 में विधायक निधि से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया



अपने तय कार्यक्रम के अनुसार मस्तूरी विधायक प्रातः 11:00 बजे देवरीखुर्द पहुंचे जहां पहले से उपस्थित सैकड़ों कार्यकताओं ने उनका आतिशी स्वागत किया जिसके बाद सबसे पहले उन्होंने वार्ड नंबर 42 चन्द्रशेखर आजाद नगर संत रविदास मन्दिर चौक देवरी डीह में मंच निर्माण का भूमिपूजन किया जिसके बाद 11.30 बजे वार्ड 43 के दीनदयाल उपाध्याय हाउसिंग बोर्ड कालोनी कॉलोनी गदा चौक स्थित दुर्गा मंच शेड निर्माण का भूमि पूजन किया जिसके बाद देवरीखुर्द चौक से लगभग 200 मीटर दूरी पर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय हाउसिंग बोर्ड कालोनी के फिसल पट्टी ग्राउंड पहुंच कर श्री रामलीला मंच का भूमिपूजन किया इस दौरान मस्तूरी विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी के साथ निगम महापौर रामशरण यादव, विधायक प्रतिनिधि बी पी सिंह , एम आई सी सदस्य परदेशी राज एवम सैकड़ो की संख्या में वार्ड वासी उपस्थित रहें

### विधायक के प्रति जताया आभार

देवरीखुर्द वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर क्षेत्र से विधायक प्रतिनिधि बी पी सिंह ने क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी से उक्त निर्माण कार्यों की स्वीकृति को लेकर बात रखी थी विधायक ने उनकी मांग को स्वीकृत करते हुए आज विकास कार्यों की नींव रखी जिसे लेकर क्षेत्रवासियों ने विधायक व विधायक प्रतिनिधि बीपी सिंह के प्रति आभार प्रकट किया

# कमिश्नर और कलेक्टर ने किया मस्तूरी गावों का किया निरीक्षण

कमिश्नर एवं कलेक्टर ने आधा दर्जन गांवों का किया सघन दौरा

खेतों में जाकर किसानी एवं फसलों की हालात का लिया जायजा

मैदानी अधिकारियों को किसानों के सम्पर्क में रहने दिए निर्देश

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**



बिलासपुर/मस्तूरी। कमिश्नर डॉ.संजय अलंग ने कलेक्टर सौरभकुमार के साथ मस्तुरी विकासखण्ड के आधा दर्जन गांवों का दौरा कर फसलों एवं खेती-किसानी के ताजा हालात का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों एवं किसानों के साथ खेतों तक पहुंचकर फसलों एवं कृषि कार्यों का अवलोकन किया। किसानों एवं कृषि मजदूरों से बातचीत भी की। उन्होंने बताया कि गत दो-तीन दिनों में अंचल में बारिश होने से बंद पड़े कृषि कार्य फिर से शुरू हुए हैं। फिर भी गांव में उपरी क्षेत्र में पानी की कमी के कारण खेत सूखने शुरू हो गये हैं।

कमिश्नर ने आज मस्तुरी के ग्राम पेन्ड्री, रिस्दा, हिर्री, देवगांव, खुडूभांठा और पाराघाट सहित अनेक ग्रामीणों का सघन दौरा किया। उन्होंने राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों को अल्प वर्षा वाले क्षेत्रों का हर रोज दौरा कर किसानों को हरसंभव सहयोग करने कहा है। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप नजरी आनावारी तैयार करने के निर्देश भी दिये हैं। हिर्री एवं रिस्दा में बिजली की अत्यधिक कटौती की जानकारी किसानों द्वारा दिये जाने की सूचना को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग को दो दिनों में स्थित सुधारने के निर्देश दिये हैं। डॉ. अलंग ने पाराघाट में आयोजित राजस्व शिविर का भी अवलोकन किया। राजस्व संबंधी विभिन्न कामों से आये हितग्राहियों से चर्चा कर उनका हाल-चाल पूछा। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के एसई पी.के.आनंद, एसडीएम पंकज डाहिरे, कृषि विभाग के उप संचालक पी.डी.हथेश्वर सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी साथ थे।

# कैम्पा मद की राशि का दुरुपयोग एवं बंदरबांट का मामला लोकसभा में गूंजा। सांसद अरुण साव ने व्यापक जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग किया।

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर। वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए 2004 से स्थापित "क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण" (कैम्पा) के राशि का उपयोग वनीकरण एवं वन्य जीव संरक्षण के लिए ही किया जाना चाहिए। वन भूमि के बदले जारी की गई उक्त राशि का कुशल और पारदर्शी तरीके से शीघ्र उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। परन्तु छत्तीसगढ़ में क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण अधिनियम" (कैम्पा एक्ट) के मंशा के विपरीत कैम्पा के मद की राशि का दुरुपयोग एवं बंदरबांट किया जा रहा है। सांसद अरुण साव ने लोकसभा में नियम 377 के अधीन अत्यंत महत्वपूर्ण लोक महत्व के विषय अंतर्गत उठाते हुए भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री से आग्रह किया कि पिछले तीन वर्षों में राज्य में कैम्पा के अंतर्गत किए गए कार्यों की व्यापक रूप से जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करावें।



# स्टेज कैरिज संसोधित पॉलिसी 2017 के विरोध में रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा से जुड़े कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा

**नूंह जुबैर खान**

नूंह के परिवहन विभाग के डिपो में हरियाणा सरकार द्वारा स्टेज कैरिज संसोधित पॉलिसी 2017 के विरोध में हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा से जुड़े कर्मचारियों ने जिला प्रधान हमीद द्वारा एक मांग पत्र डिपो अधीक्षक समय सिंह के माध्यम से प्रधान सचिव, परिवहन विभाग हरियाणा के नाम सौंपा। सौंपे गए मांग पत्र में कर्मचारियों ने मांग की है कि सरकार ने स्टेज कैरिज पॉलिसी 2017 में संशोधित करके 952 मार्गो पर बिना जनता एवं जनप्रतिनिधियों की मांग के परमिट देना चाहती है। यह पॉलिसी न तो आम जनता के हित में हैं और ना ही विभाग के हित में हैं। पूर्व में भी सरकार द्वारा 1993 में ग्रामीणांचलन में र हने वाली जनता को परिवहन सेवा देने के नाम पर परिवहन परमिट दिए थे। उस समय भी सरकार द्वारा दावा किया गया था कि गांवों में भी परिवहन सेवा मिलेगी लेकिन इसका परिणाम आज जनता के सामने हैं। परिवहन समिति की बसें किसी भी गांव में सेवा नहीं दे रही है और यह बसे अब पूंजीपति लोगों के अधीन है और केवल लाभ के रूटों पर चल रही है। राजस्व की दृष्टि से देखा जाए तो रोडवेज की एक बस 43 तरह की श्रेणियों को फ्री व रियायती दरों पर यात्रा सुविधा देकर एक माह में 40,000 से 60000 रू0 टैक्स के रूप में सरकार के खजाने में जमा करती है। इसके अलावा छात्राओं को फ्री यात्रा, बुजुर्गों की आधी टिकट पर यात्रा कराती है, दूसरी ओर समितयों के मालिक सरकार के किसी भी आदेश को नहीं मानते हैं और समिति की बसें सरकार के खजाने में एक महीने में केवल 14000 रू0 ही जमा करवाती हैं। लंबी दूरी के परिमट व मुख्य मार्ग पर प्राइवेट परिमट देकर सरकार मोटर व्हीकल ऐक्ट 1961 का उल्लंघन कर रही है। पूर्व में भी रोडवेज कर्मचारियों ने संघर्ष करके विभाग एवं जनिहत में 2016 स्टेज कैरिज पॉलिसी के दुष्परिणाम बताकर निवर्तमान परिवहन मंत्री कृष्णलाल पंवार की अध्यक्षता में सन 2017 में इस पॉलिसी को रदद करवाया था। उन्होंने कहा कि अब सरकार वायदा खिलाफी कर रही है। उनका संगठन मांग करता है कि स्टेज कैरिज संशोधित परमिट पॉलिसी को रदद किया जाए, प्रदेश की बढ़ती आबादी अनुसार रोडवेज बेड़े में नई सरकारी बसे शामिल की जाए ताकि जनता को बेहतर एवं सुरक्षित परिवहन सेवा के साथ बेरोजगार युवकों को स्थाई रोजगार मिले और सरकार के खजाने में राजस्व की बढोतरी हो सके।



# चेयरमैन पद के उम्मीदवार भाजपा नेता व फिल्म डायरेक्टर वसीम कुरेशी पहुंचे अपनी नगरी



शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर नजीबाबाद फिल्मी डायरेक्टर प्रोड्यूसर व भाजपा नेता वरिष्ठ समाजसेवी वसीम कुरैशी के दुबई से नजीबाबाद पहुंचते ही उनके इंतजार मे स्टेशन पर ही हजारो की संख्या मे जनता ने फूल मालाओ से स्वागत किया और ढोल नगाड़ो के साथ वसीम कुरैशी जिंदाबाद के नारे लगाए पालोमल कॉलोनी मे स्थित उनके कार्यालय पर पहुंचते ही वसीम कुरैशी पर चारो ओर से जनता ने पुष्प वर्षा की गई वसीम कुरैशी ने बताया कि 7 अगस्त को वह नजीबाबाद की जनता के लिए एक फ्री सेवा एंबुलेंस समर्पित करेंगे और गरीब जनता को छाते व सिलाई मशीन वितरण करेंगे 7 अगस्त के कार्यक्रम मे फिल्मी अभिनेता सुनील शेट्टी व कई भाजपा मंत्री उपस्थित रहेंगे वसीम कुरैशी ने बताया कि अगर भाजपा से उन्हें सिंबल मिलता है तो व चेयरमैन पद के चुनाव की तैयारी करेंगे वसीम कुरेशी का कहना है कि अगर सभी समुदाय के लोग उन्हे मिलजुल कर चेयरमैन पद के लिए जिताने का वादा करते है तो वह चुनाव लड़ेंगे और उन्होंने कहा कि अगर वह चेयरमैन बनते है तो वह नजीबाबाद को एक साफ सुथरा अच्छी सड़के बिजली पानी चिकित्सा व शिक्षा देंगे और ज्यादा से ज्यादा नजीबाबाद का विकास कराएंगे उन्हे इस बात का काफी अफसोस है कि जनपद बिजनौर का सबसे बड़ा शहर नजीबाबाद होने के बाद भी विकास नहीं कर पाया क्योंकि उनका बचपन इन्ही नजीबाबाद की गलियो में गुजरा है और उनके शहर के सभी लोग इस विकास के ना होने से दुखी है नजीबाबाद मे काफी समय से बंद पड़ी कबाड़ी मार्केट बंद होने से बेरोजगारी फैलने से उन्हे दुख है फिर से कबाड़ी मार्केट खुलवाने का प्रयास करेंगे उधर मीट की दुकाने भी काफी समय से बंद है जिससे शहर मे बेरोजगारी फैली हुई है वह सरकार की गाइडलाइन अनुसार मीट की दुकाने खुलवाने का भी प्रयास करेंगे

# जयपुर में रणघोष करके इनसो राजस्थान को देगी नया विकल्प : इनसो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साकिर हुसैन

नूंह जुबैर खान नूंह। जयपुर में रणघोष करके इनसो राजस्थान को नया विकल्प देगी। इनसो आज छात्रों की पहली पंसद है। इनसो द्वारा देश प्रदेश के युवाओं की आवाज को मजबूत तरीके से उठाया जाता है। उक्त बातें इनसो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साकिर हुसैन ने कहीं। वह बृहस्पतिवार को युवाओं के साथ जयपुर में 5 अगस्त को होने वाले इनसो कार्यक्रम के लिए रवाना हुए। इस मौके पर उनके साथ सैंकड़ों की संख्या में युवा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के बाद अब राजस्थान में भी इनसो को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है। इनसो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साकिर हुसैन ने भी युवाओं को 5 अगस्त को जयपुर में होने वाले इनसो स्थापना दिवस में बढ़ चढकर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डॉ अजय सिंह चौटाला द्वारा इनसो के रूप में लगाया गया पौधा आज विशाल रूप धारण कर चुका है जोकि हरियाणा, दिल्ली व राजस्थान के साथ देश के अन्य प्रदेशों में फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि इनसो के महासचिव दिगिविजय सिंह चौटाला लंबे समय से युवाओं के हकों की आवाज को बुलंद कर रहे हैं उनके मार्गदर्शन में युवाओं को देशसेवा की प्रेरणा मिल रही है। पूर्व से ही इनसो दिवस पर सामाजिक कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि युवा आगे चलकर देश

# उप-पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार ने थाना नगीना से की हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरूआत

**नूंह जुबैर खान**

नूंह पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्गदर्शन व फिरोजपुर झिरका के उप-पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरूआत नगीना थाना से की। इस मौके पर उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस संदर्भ में 4 से 17 अगस्त तक जिला नूंह पुलिस द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे तथा 11 से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के संदर्भ में बृहस्पतिवार को नगीना थाना से हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान नगीना थाना प्रबंधक निरीक्षक विमल कुमार, पुलिस कर्मचारियों व गांव के मौजिज लोगों ने भी सहयोग यिा। इसी दौरान नगीना थाना परिसर में साफ-सफाई का निरीक्षण करने के साथ-साथ थाना परिसर में पौधारोपण किया गया । तत्पश्चात प्रबंधक थाना पिनगंवा ने पिनगंवा में शहर के मौजिज लोगों व स्कूलों के बच्चों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली व लोगों को हर घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया और सभी लोगों व बच्चों को हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जागरुक किया । इसके पश्चात कस्बा फिरोजपुर झिरका में रणवीर सिंह उप-मंडल अधिकारी नागरिक, फिरोजपुर झिरका की अध्यक्षता में शहर के मौजिज लोगों व स्कूलों के बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया और लोगों को हर घर तिरंगा लगाने का संदेश व हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जागरुक किया। उन्होंने बताया कि आज ब्लाक/ उपमंडल स्तर पर हाथ में तिरंगें लेकर छोटी -2 मैराथन, पद यात्रा एंवम साईकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद 09 अगस्त से 10 अगस्त तक तिरंगा उचित मूल्य की सभी दुकानों पर वितरण/विक्रय के लिए रखा जाएगा व सभी पुलिस नाकों पर तिरंगा व तिरंगा पोस्टर लगाया जायेगा। इसी तरह 4 से 11 अगस्त तक उपमंडल व प्रत्येक खंड स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिला में सभी पुलिस थानों में 11 अगस्त को तिरंगा से संबंधित बैनर, पोस्टर, स्टेंडीज लगाए जाएंगे। व सभी पुलिस कर्मचारियों द्वारा अपने घरों पर तिरंगा फहराया जाएगा। इसी तरह 13 अगस्त को संबंधित कार्यकारी अभियंता व स्थानीय लोक संपर्क विभाग से संपर्क करके सभी प्रबंधक थाना सभी टोल प्लाजा व चैक प्वांईटस पर तिरंगा बैनर लगवाना व पम्पलैट वितरित करना सुनिश्चित करेगें तथा सभी प्रबंधक थाना एवम सभी पुलिस कर्माचरीगण 14 अगस्त को थाना स्तर पर प्रत्येक गांव के हर घर में तिरंगा झण्डा लगाने व सभी पुलिस कर्मचारियों द्वारा पॉकेट फ्लैग तथा सभी नाकों पर फ्लैग/बैनर व टोल प्लाजा पर तिरंगा बैनर लगवायेगें ।इसी तरह 15 अगस्त को सभी प्रबंधक थाना उपमंडल स्तर पर हर घर तिरंगा थीम पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन करायेगें तथा 16 अगस्त को प्रबंधक थाना यातायात एवमं प्रभारी सुरक्षा शाखा के तत्वाधान में वाईएमडी कॉलेज नूंह से शहीदी स्मारक स्थल खेड़ला मोड तक साईकिल रैली निकाली जाएंगी । 17 अगस्त को सभी प्रबंधक थाना सभी स्कूलों द्वारा बनाई गई पैन्टिंग को थाना स्तर पर प्रदर्शित करवाएंगे।

## नव विवाहित की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा, नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 4के कैलाश नगर में बुधवार की देर शाम में एक नव विवाहित की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृत महिला की पहचान कैलाश नगर के भोला साह की 26वर्षीय पत्नी निर्मला देवी के रूप में हुई हैं। घटना की सूचना पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया। मृतक के परिजनों का कहना हैं कि वह अपने पुत्री की शादी चार साल पहले दान दहेज दे करके बड़े धूम धाम से किया था। और ढाई साल के बाद गवना हुआ। पति पत्नी दोनों बहुत खुस थे। लेकिन शादी के कुछ दिन बाद सन्तान नहीं होने पर पति और ससुराल वालों के द्वारा उसको बाझिन बोल रहे थे। इतना ही नहीं उनके द्वारा उसके साथ मारपीट भी किया करते थे जिसको लेकर एक बार स्थानीय स्तर पर पंचायत भी



हुआ था। उसके बाद से पति भोला साह का कहना था की मैं आपकी बेटी को रखैल बना कर रखते हैं मैं उसको अपनी पत्नी नहीं समझता हूं। मृतक के भाई का कहना है कि हम मेरे पिता और बड़ा भाई बाहर कमाने के लिए गया हुआ हैं लोग इसी का फायदा उठाकर आज मेरे बहन के ससुराल वालों ने गले में फंदा डालकर हत्या कर दिया है। इस मामले में पटखौली ओपी थाना प्रभारी लालबाबू प्रशाद यादव ने बताया की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया है। मामले कि जांच की जा रही हैं। हत्या हैं या फिर आत्महत्या इससे जोड़े साक्ष्य को देखा जा रहा हैं। हालांकि महिला के पति और ससुर बाहर कमाने गए हुए हैं। इसी बीच यह मामला हुआ हैं। इधर मायके वालों का कहना हैं की अगर आत्महत्या हैं तो फिर शव को लटकते हुए होना चाहिए लेकिन साक्ष्य छिपाने के लिए ससुराल वालों के तरफ से रस्सी वगैरह सब कुछ गायब कर दिया गया।

## बगहा में 4 मजदूर की हुई मौत 3 मजदूर की मौत चट्टान के गिरने से और एक मजदूर बीमार होने के कारण हुई मौत

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

पिपरासी -थानाक्षेत्र के लक्ष्नही गांव के एक 35 वर्षीय युवक जीवकोपार्जन के लिए लुधियाना गया था। जहां पर बीमारी के कारण उस-की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों का रोरो के बुरा हाल बना हुआ है। वही गांव में मातम सी स्थिति बनी हुई है। उपप्रमुख रामदुलार चौहान, पूर्व मुखिया जगदीश यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि लक्ष्नही गांव निवासी 35 वर्षीय इम्तेयाज मियां मकान बनाने में मजदूरी का कार्य करता था। तीन माह पूर्व परिवार के भरण पोषण के लिए लुधियाना गया हुआ था। दो दिन पूर्व उसके बीमार होने की सूचना आई। वही बुधवार को फोन आया कि ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। उन लोगों ने बताया कि मृतक चार भाई में सबसे बड़ा था। जो अपने मातापिता व अन्य भाइयों से अलग रहता था। उसके चार बच्चियां व एक पुत्र है। वह अपने परिवार का अकेला सदस्य था जो मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। गांव में मिलनसार होने के कारण लोग उसके परिवार की सहायता कर देते थे। वही उसकी पत्नी नूरजहां खातून का रोरो के बुरा हाल बना हुआ है। वे रोते हुए कह रही थी कि अब परिवार का भरण पोषण कौन करेगा। वही जनप्रतिनिधियों व आम लोगों ने सरकार से परिजनों की सहायता की मांग की।

## रामनगर में तीन पूजा समितियों के दर्जनों लोगों पर नियमों के उलंघन को लेकर हुआ केस दर्ज।

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

बतादें की नागपंचमी के दिन महावीरी अखाड़ा जुलूस में सैकड़ो लोगों ने प्रतिबंध व लाइसेंस नहीं मिलने के बावजूद धारदार हथियारों के साथ प्रदर्शन किया था । जिसमें वीडियो फुटेज व खबर के आधार पर पुलिस ने इनकी पहचान कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसकी जानकारी देते हुए बगहा एसपी किरण गोरख जाधव व एसडीएम दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रोटोकॉल का उलंघन मामले में पूजा समितियों के सदस्यों पर रामनगर थाने में केस दर्ज कराया गया है और यहीं वजह है कि एसपी के साथ एसडीएम के नेतृत्व में आज मोहर्रम को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। बताया जा रहा है कि आगामी मोहर्रम के त्यौहार को देखते हुए रामनगर शहर समेत मेघवल मठिया और अन्य जगहों पर पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया जा रहा है ताकि शांति व्यवस्था के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराया जा सके और जो गलती नागपंचमी के दिन हुई उसे मोहर्रम में नहीं दुहराई जाए अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी । इधर बगहा एसपी



ने सख़्त निर्देश दिया है कि कोई भी व्यक्ति जिन पर संदेह हो वैसे लोगों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। हर चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात है और हर समस्या व असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए जवानों की मुस्तैदी से निगरानी रहेगी। बतादें कि नागपंचमी पर रामनवमी मेला में निकले तलवार,भाला जैसे धारदार हथियारों के प्रदर्शन को लेकर यह बड़ी कार्रवाई हुई है जो सरकार द्वारा पूर्ण रूप से प्रतिबंधित था फिर भी सरकार के नियमों औड़ गाइडलाइन का उल्लंघन करने वाले छह लाइसेंस धारी पूजा समितियों पर वीडियो फुटेज व खबर के आधार पर रामनगर थाने में एफआईआर नम्बर 378 /22 दर्ज की गई है । जिसमे रामनगर के तुरहा टोली, पुरानी बाजार, चमरटोली, डैनमरवा, मेघवल मठिया गांव भी शामिल है जहां लगभग 100 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई तेज कर दी गई है । जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने और ज्यादा सख़्ती बढ़ा दिया है। मोहर्रम के ताजिया जुलूस में भी हथियारों के प्रदर्शन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। लिहाजा बगहा एसपी व एसडीएम सड़कों पर उतर कर फ्लैगमार्च के जरिए नियम कायदे कानून का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम का पर्व मनाने की अपील कर रहे हैं।

## अभाविप छात्र नेताओं के द्वारा मधेपुरा सामाजिक न्याय की धरती को बदनाम करने की नियत से की गई नारेबाजी दुर्भाग्यपूर्ण- प्रो. मनोज भटनागर

**समाज जागरण मधेपुरा ।**

बी एन मंडल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति के संबोधन के दौरान अभाविप छात्र नेताओं के द्वारा मधेपुरा सामाजिक न्याय की धरती को बदनाम करने की नियत से नारेबाजी किए जाने पर बीएन मंडल विश्वविद्यालय के अंतर्गत अनुदानित कालेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष व जनता दल यूनाइटेड के शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज भटनागर ने कहा की इस तरह की हरकत करना इस तरह की मानसिकता वाले छात्र नेताओं को छात्रों के भविष्य और संस्कार से लेना देना नहीं रह गया है दीक्षांत



समारोह छात्र छात्राओं के लिए ऐतिहासिक दिन होता है इस यादगार दीक्षांत समारोह के मुख्य आकर्षण महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति के हाथों विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक पीएचडी डिग्री धारी को और स्नातकोत्तर की उपाधि दी गई इस शुभ अवसर पर तथाकथित छात्रों के द्वारा नारेबाजी की हरकत किए जाने पर घोर निंदा करता हूं साथ ही पुलिस प्रशासन इन छात्रों की मानसिकता को भाप चुकी थी और पुलिस के द्वारा इन छात्रों के रूप में जब जांच पड़ताल की गई तो पाकिट से काला गमछी बरामद हुआ तभी जिला प्रशासन छात्रों को गिरफ्तार कर लेनी चाहिए थी लेकिन पुलिस ऐसा नहीं कर महामहिम के संबोधन के दौरान इस तरह की हरकत किए जाने पर भी पुलिस प्रशासन पर उंगली उठती है जो जांच का विषय है

## एकमा बीआरसी पर दिव्यांग बच्चों का सर्वे हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (प्रो. अजीत कुमार सिंह)। एकमा प्रखंड संसाधन केन्द्र एकमा के सभा कक्ष में सभी पोषक क्षेत्रों में निवास करने वाले दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करने व दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रागिनी कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर दो सत्रों में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनर सह संसाधन शिक्षक सुजीत कुमार व दयाशंकर पांडेय द्वारा क्षेत्र के आंगनबाड़ी सेविकाओं, टोला सेवकों, तालिम मरकज कर्मियों व पंचायत स्तरीय विकास मित्रों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के सफल आयोजन के लिए



समावेशी शिक्षा संभाग, समग्र शिक्षा अभियान, सारण के अधीन कार्यरत मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आये सभी कर्मियों को सर्वेक्षण की बारीकियों के बारे में जानकारी देने के साथ ही उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में डोर- टू- डोर दिव्यांग बच्चों का भौतिक सर्वेक्षण कर 31 अगस्त 2022 तक सर्वेक्षण से संबंधित सभी मूल कागजात अपने प्रखंड संसाधन केन्द्र के कार्यालय में जमा करने की अपील की।
इस प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में बीआरसी पर तैनात कुमार रश्मि रंजन, संजय भारती, अरुण कुमार यादव, अजीत कुमार, टोला सेवन सह तालिमी मरकज के राज मोहम्मद अंसारी, आंगनबाड़ी सेविका, विकास मित्र आदि अन्य लोग शामिल थे।

## कृषि समन्वयक अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन 8 अगस्त से कृषि समन्वयक जाएंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर ।।

**समाज जागरण मोहम्मद आजाद**

गौनाहा / बेतिया जिला अंतर्गत कृषि समन्वयक अपनी 5 सूत्री मांगों से संबंधित आवेदन जिला कृषि पदाधिकारी को देकर 8 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। बताते चलें कि विगत 3 वर्षों से सभी कृषि समन्वयक अपने मांग से संबंधित आवेदन कृषि निदेशक पटना को एक साथ देकर इस संदर्भ में बैठक दिनांक 24/06/2020 तथा 17/06/2020 को कृषि निदेशक बिहार के साथ वार्ता किया था। सभी कृषि समन्वयक का कहना है कि बिहार कृषि कार्य समिति पटना की अध्यक्षता में हम जिले के सभी कृषि समन्वयक अपने पांच सूत्री मांगों को पूर्ण कराने हेतु 8 अगस्त 2022 सोमवार से मांग पूर्ण होने तक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। विगत कई वर्षों से अनेकों बार इस मांग को लेकर वरीय पदाधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया जा रहा है। कई बार वरीय पदाधिकारियों की बैठक के बाद भी हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। जबकि विभाग एवं सरकार तक को पता है कि कृषि विभाग के सभी



योजनाओं का क्रियान्वयन कृषि समन्वयक के द्वारा ही किया जाता है। फिर भी हमें उपेक्षित रखा गया है। हमारी 5 मांगे निम्न है 1 सभी कृषि श्रमिकों का ग्रेड पे 2800 से बढ़ोतरी करते हुए तकनीकी एवं प्रोफेशनल योग्यता अनुरूप पे ग्रेड 4600 किया जाए। 2 कृषि समन्वयक पद नाम को बदलकर कृषि विकास पदाधिकारी (एडीओ) किया जाए 3 प्रखंड कृषि पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति का कोटा कृषि समन्वयक के लिए 33% तथा सीधी नियुक्ति में उम्र सीमा में छूट एवं अनुभव की आधीमानता का प्रावधान किया जाए 4 कार्य की प्रकृति एवं दायित्व के अनुसार कार्य में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए संशोधन के रूप में लैपटॉप मोटरसाइकिल एवं ऑपरेशनल ब्यय 4000 प्रतिमाह किया जाए 5 कृषि समन्वयक पद को उर्वरक निरीक्षण घोषित किया जाए। जिस में उर्वरक वितरण में जमीनी स्तर पर सरकार की जीरो-टॉलरेंस नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन हो सके। कृषि समन्वयक आनंद द्विवेदी, शैलेंद्र दत्तश तिवारी,रमेश गिरी आदि जिले के सभी कृषि समन्वयक 8 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।

## जिलाधिकारी ने इंजीनियरिंग कॉलेज, कुमारबाग का किया निरीक्षण।

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

बेतिया, 4 अगस्त । जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज, कुमारबाग का निरीक्षण किया गया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने प्राचार्य को निदेश दिया कि इंजीनियरिंग कॉलेज में शीघ्र पढ़ाई शुरू कराने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि फर्निचर अधिष्ठापन सहित अन्य कार्यों को अविलंब पूर्ण करें ताकि इंजीनियरिंग कॉलेज में सुचारू ढंग से पठन-पाठन का कार्य सम्पादित हो सके। इस कार्य हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।
निरीक्षण के क्रम प्राचार्य द्वारा बताया गया कि कॉलेज में हाई वोल्टेज के विद्युत कनेक्शन की आवश्यकता है ताकि वोल्टेज ट्रिप आदि की समस्या उत्पन्न नहीं हो और छात्रों को परेशानियों का सामना नहीं करना



पड़े। जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निदेश दिया गया कि तुरंत पर्याप्त वोल्ट विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही कॉलेज के लिए एक अलग ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाय। जिलाधिकारी द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज तक सुगम आवागमन के लिए संपर्क पथ हेतु विभिन्न रूटों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग को कॉलेज तक सुगम आवागमन हेतु संपर्क सड़क के निर्माण की दिशा में अवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही अंचल अधिकारी, चनपटिया को सड़क मार्ग में पड़ने वाले अतिक्रमण को विधि-सम्मत तरीके से खाली कराने का निर्देश दिया गया।
इस अवसर पर एसडीएम, बेतिया, विनोद कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता, रवि प्रकाश, संबंधित कार्यपालक अभियंता सहित इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य आदि उपस्थित रहे।

## सतीघाट से राजघाट मुख्य सड़क निर्माण कार्य में हो रहे धांधली के खिलाफ छात्र नेता व कुशेश्वरस्थान NSUI प्रभारी ने संवेदक को दिया चेतावनी

**समाज जागरण दरभंगा से विकास कुमार की रिपोर्ट**

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा):- छात्र नेता दिलखुश कुमार ने कहा कि विगत 9 माह से सतीघाट राजघाट मुख्य सड़क निर्माण कार्य माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलो से शिलान्यास कार्य प्रारंभ किया गया तथा तक्षण सड़क निर्माण कार्य को भी शुभारंभ किया गया उसके बाद मुख्यमंत्री के चहते व दुलारे संवेदक का तानाशाही रवैया व लापरवाही के वजह से अभी तक सड़क निर्माण कार्य 5% भी संपन्न नहीं हो सका प्रभारी दिलखुश ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कोई महिला गर्व में जाता है तो 9महीना के बाद देश का भविष्य का निर्माण में योगदान देने बाले बच्चे का जन्म निर्धारित समय से होता है 9 महीना पहले नीव रखा गया सड़क निर्माण कार्य का लेकिन अभी तक अल्ट्रासाउंड जांच के पक्रिया तक में भी नहीं पहुंच सका। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता के सामने कहते कुछ हैं और करते कुछ और है ठेकेदार भी उसी चहेतों को देते हैं जो उनके पार्टी को चंदा देता है जो उनके आगे पीछे खर्च करता है और वही ठेकेदार हमारे जनता के पैसा को लूट कर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को खुश करने में लगे हुए रहते हैं इसीलिए विगत 9 माह से जनता सड़क की दशा और दिशा देखकर त्रस्त है और उधर संवेदक प्रोजेक्ट मैनेजर दलाल चमचा बेलचा मस्त है। दिलखुश ने कहा मैं माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूछना चाहता हूं आपके बातों का वसूल या वजूद है या नहीं आपका संवेदक कितना आपको चाहते हैं कि अधिकारी तक भी बात को नहीं



मानते हैं आप जिस लॉलीपॉप से जनताओं का वोट गटक गए उस पर 1% भी ईमान और ईमानदारी से खरे उतरने का कोशिश तो किया जाए आगे प्रभारी दिलखुश ने कहा कि मैं आदरणीय जिलाधिकारी महोदय से हाथ जोड़कर आग्रह करना चाहता हूं कुशेश्वरस्थान की वर्तमान दिशा व दशा को ध्यान में रखते हुए संवेदक और प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित करने का कृपा प्रदान करें सतीघाट से समैला तक मेट्रिब्यूल कार्य अतिशीघ्र करे बाढ़ की समस्या अत्यधिक मंडरा रहा है। साथ ही साथ कुशेश्वरस्थान एनएसयूआई प्रभारी ने स्थानीय विधायक को भी पत्र लिखकर समस्याओं से अवगत करबाया।और जल्द आंदोलन करने की चेतावनी भी दिया गया।मोके पर मौजूद एनएसयूआई कुशेस्वर स्थान प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि संवेदक यह प्रोजेक्ट मैनेजर को जनता को खुश करने की कोई मतलब नहीं है केवल मुख्यमंत्री को खुश करने में लगे हुए हैं उनके तलवे चाटने में लगे हुए हैं उनके चाटुकारिता में लगे हुए हैं ताकि पटना नगर निकाय के चुनाव में शानदार सफलता माननीय मुख्यमंत्री संवेदक को दिला सके मैं माननीय मुख्यमंत्री से पूछना चाहता हूं ऐसे कुकर्मी असक्रिय लोगों को हमारे कुशेश्वरस्थान के जनताओं के बीच क्यों दिया गया जो जनताओ के हक व अधिकार को लूटता है जो जनताओ की समस्याओं को गहराता जाता है। सती घाट से समैला तक मेट्रोवल काम अगर पूरा नहीं किया जाता है तो बाकी जगह स्टॉक किया हुआ मिट्टी को उठाकर कितने दूर में हम लोग सभी लगा देंगे और संवेदक को सड़क पर उतरने नहीं देंगे यह भी मेरे तरफ से और हमारे संपूर्ण एनएसयूआई टीम की ओर से चेतावनी है।
मौके पर लड्डू सिंह, रूपेश कुमारल, बिपिन कुमार ,सोहेब, रणवीर, रामनंदन, कन्हैया, राहुल विजय यादव, नवीन कुमार, मोनू कुमार, भूषण यादव आदि मौजूद थे।

## पंचायत समिति सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन 27 समिति सदस्य उपस्थित थे।

**दैनिक समाज जागरण**
**संवाददाता दीपक कुमार।**

सुपौल जिले के प्रतापगंज और बसंतपुर प्रखंड के 27 नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित टीसीपी भवन में गुरुवार को समापन किया गया। इस प्रशिक्षण के अंतिम दिन जिला पंचायत संसाधन केंद्र से आए प्रशिक्षकों द्वारा सभी प्रशिक्षु पंचायत समिति सदस्यों को प्रथम सत्र में आपदा और आपदा से बचाव और अंतिम सत्र में प्रखंड लेखापाल रजनीश कुमार के द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया।वही समापन सत्र समारोह में प्रखंड पंचायत राज



पदाधिकारी शिल्पा कुमारी द्वारा सभी पंचायत समिति सदस्य को संबोधित करते हुए यह कहा की इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का लक्ष्य यह है कि जो भी आपलोग यहां सीखे है उसे जमीन पर उतरे ताकि आपके क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक बिकास हो साथ ही संबोधन में सुश्री द्वारा यह भी कहा गया की प्रशिक्षण से हमारे ज्ञान में वृद्धि और कार्य करने की शैली में निखार आता है।इस दौरान धन्यवाद ज्ञापन के बाद प्रशिक्षण सत्र समापन किया गया।इस मौके पर उपस्थित लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से आए डिआरपी बिकास कुमार के द्वारा स्वच्छता के बारे में बताया गया।

## बेतिया के संत जेवियर्स स्कूल के डेढ़ दर्जन बच्चे बीमार।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

संत जेवियर्स स्कूल मे डेढ़ दर्जन छात्र हुए बेहोश, विद्यालय में मची अफरा-तफरी,बीमार बच्चों को जीएमसीएच में किया गया भर्ती
बेतिया के संत जेवियर्स स्कूल के डेढ़ दर्जन बच्चे बेहोश हो गए, विद्यालय





में अफरा तफरी मच गई।आनन फानन में बच्चो को एंबुलेंस से जीएमसीएच भेजा गया है। बताया जा रहा है कि संत जेवियर्स विद्यालय में फायर बिग्रेड द्वारा आग से बचाव के लिए मॉक ड्रिल किया जा रहा था इसके लिए बच्चो को मैदान में बैठाया गया था।इसमें प्राइमरी सेक्सन के बच्चो को अगली कतार में बैठा दिया गया था। मॉक ड्रिल के दौरान ही आग से निकले धुंआ या गैस के कारण बच्चे बेहोश होने लगे।
कुछ बच्चो को उल्टी और चक्कर आने लगा जिसके बाद मेडिकल टीम को बुलाया गया और विद्यालय में ही सभी बच्चे को इलाज किया जा रहा था सभी छात्रों को स्थिती ठीक नहीं होने पर एंबुलेंस से सभी बच्चो को GMCH भेजा गया। जहां ईलाज जारी है
हालाकि स्कूल प्रबंधक ने हास्या स्पद बयान देते हुए बताया है कि जिन बच्चो ने खाना नही खाया था उन्हें परेशानी हुई है जिसके बाद बच्चो को अस्पताल भेजा गया है।विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि जहां फायर बिग्रेड की टीम बच्चो को आग से बचाव की जानकारी दे रही थी उससे दूर बच्चो को बैठाया गया था। फिलहाल मौके पर पुलिस भी पहुंच गई है और मामले की जांच प्रताल शुरू कर दी है,वहीं सभी बच्चे का इलाज बेतिया जीएलपीएस अस्पताल में चल रहा है सभी बच्चे की स्थिति समान्य है और खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

## परसौनी मे वर्ल्ड ब्रैस्टफीडिंग वीक मनाया गया

**समाज जागरण बगहा बगहा से - नीरज मिश्रा**

हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर , हेल्थ सब सेंटर , परसौनी मे वर्ल्ड ब्रैस्टफीडिंग वीक मनाया गया यह कार्यक्रम हर साल अगस्त महीने के 1 से 7 तारिक तक मनाया जाता है , इस कार्यक्रम के दौरान समुदाय मे लोगों को स्तनपान के लाभ के बारे मे जानकारी दी गयी .माँ का दूध ही शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार होता है ,स्तनपान की शुरूआत शिशु के






जन्म के 1 घंटे के अंदर ही कर देनी चाहिए ओर माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध अवश्य ही देना चाहिए ,यह बच्चे मे रोग प्रतिरोधी छमता को बढ़ाता है .जन्म के बाद 6 महीने tak केवल माँ का दूध ही दें ओर सातवे महीने से ऊपरी आहार के साथ स्तनपान को 2 वर्ष तक जारी रखे .CHO दोर्थी शर्मा, तिरुपति कुमार , परिचारी जाफरीना खातून ,आशा अक्लनंदा देवी और गाँव की कुछ गर्भवती महिलाये उपस्थित रही!

## रोजी रोटी की तलाश में गये बगहा के तीन गरीब मजदूर की मौत।

## चटान गिरने से हुवा हादसा सोने के दौरान गिरा चटान खबर सुनते ही परिजनों में मचा चीख पुकार।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

रोजी रोटी की तलाश में प्रदेश गये बिहार के पश्चिमी चंपारण जोला के रामनगर प्रखंड के तीन मजदूर की मौत हो गई. वहीं, हादसे में 6 अन्य मजदूर घायल हो गए. सभी मजदूर रात में सो रहे थे, उसी दौरान चट्टान गिरने से यह हादसा हुआ. घटना में घायल मरीजों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं,



घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. जानकारी के मुताबिक, घटना अरुणाचल प्रदेश के करदाबी जिला के पालन की है. बिहार के बगहा निवासी कई मजदूर काम की तलास में पलायान कर अरुणाचल प्रदेश गये थे. सभी मजदूर सड़क निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे थे. बुधवार की देर रात सभी मजदूर सो रहे थे. तभी चट्टान गिरने से 4 मजदूरों की मौत हो गई. इसमें बिहार के 3 मजदूर शामिल हैं. वहीं, 6 मजदूर घायल हो गये. घटना में मृतकों की पहचान रामनगर के खटौरी गांव के बिन्द मुसहर, विजय मुसहर और चौतरवा थाना के सिकटौल के राजेश मुसहर के रूप में हुई है. वहीं, घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है

## चंडीकेश्वर झा ने बीपीएससी में 419 वीं रैंक ला कर प्रखंड व गांव का नाम किया रौशन

**समाज जागरण मुरारी झा घनश्यामपुर**

घनश्यामपुर प्रखंड क्षेत्र के लगमा गांव निवासी स्व. श्रवण कुमार झा तथा गृहिणी बिमला देवी के द्वितीय पुत्र चंडीकेश्वर झा ने बीपीएससी में सफलता हासिल की है। इन्हें 419 वीं रैंक मिला है तथा इन्हें मार्केटिंग आफीसर का पद मिला है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव तथा गांधी कोशी प्रवेशिक उच्च विद्यालय रसियारी हाई स्कूल से हुई। सीएम साइंस कालेज दरभंगा से



इंटर तथा बीएससी आनर्स करने के बाद इन्होंने होम ट्यूशन करके परिवार की भरण पोषण करते हुए सेल्फ स्टडी करके सफलता प्राप्त की है।
इनके चाचा प्रो. रोहित कुमार झा इंटर कालेज लगमा में मनोविज्ञान विभाग में सहायक प्राध्यापक हैं। दो भाई तथा एक बहन में चंडीकेश्वर छोटे भाई हैं। उनके पिता स्व श्रवण झा भी जीवन भर संघर्ष करते रहे लेकिन अंततः चंडिकेश्वर ने यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। चंडीकेश्वर के सफल होने के बाद गांव में छाई खुशी का लहर

## माननीय जल संसाधन मंत्री करेंगे जमींदारी बाँधों पर कराये गए कटाव निरोधक कार्यों का लोकार्पण

**समाज जागरण विकास कुमार दरभंगा**

दरभंगाः- माननीय मंत्री, जल संसाधन व सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार सरकार श्री संजय कुमार झा द्वारा 05 अगस्त 2022 (शुक्रवार) को अपराह्न 05:30 बजे ग्राम - टेकटार, सिंहवाड़ा के सिरहुल्ली-टेकटार जमींदारी बाँध पर कराये गये कटाव निरोधक कार्य एवं केवटी प्रखण्ड अन्तर्गत अन्य जमींदारी बाँधों पर कराये गये कटाव निरोधक कार्य का लोकार्पण किया जाएगा।

## किसनपुर से मौजहा जाने वाली सड़क पुनः ध्वस्त होने से आवागमन बाधित, लोगों के घर आंगन में घुसा पानी।

**दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

किशनपुर प्रखंड मुख्यालय से मौजहा, दुबियाही होते हुए जिला मुख्यालय जाने वाली ध्वस्त सड़क को कुछ दिन पहले मरम्मत करवाया गया था। लेकिन पुनः उक्त जगह सड़क ध्वस्त हो जाने से आवागमन में लोगों का बढ़ गया है। बताते चले कि बीते दिन कोसी में आई बाढ़ के पानी के दवाब के चलते ठाढ़ीधत्ता से पश्चिम एवं मौजहा शिव मंदिर से पूरब एवं पश्चिम सड़क ध्वस्त हो गया था। जिसके चलते दर्जन भर गांव के लोगों आने जाने में परेशानी उठाना पर रहा था। जहां विभागीय स्तर से मरम्मत करवाया गया था। लेकिन मंगलवार के सुबह पानी के दवाब के चलते मंदिर से पूरब मरम्मत कराए गए सड़क पुनः ध्वस्त हो जाने से लोगों का परेशानी बढ़ गया। वैसे उक्त जगह पर फिलहाल सरकारी नाव से लोगों का आवाजाही सुचारू करवाया गया है। इस सम्बंध में मुखिया



अमर कुमार चौधरी एवं अधिवक्ता मदन चौधरी बताया कि मौजहा शिव मंदिर से पूरब लगभग 100 फिट से अधिक दूरी में कट चुका है। जबकि शिवमन्दिर से मन्दिर से एवं हनुमान मंदिर तक सड़क पर पानी बढ़ गया है। जिससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानी उठाना पर रहा है। अधिवक्ता श्री चौधरी ने बताया कि इस सड़क के ऊंचाई के साथ मजबूत बनाने की जरूरत है। मुखिया श्री चौधरी ने बताया कि सोमवार से नदी में पानी के बढ़ने के चलते पूरे पंचायत में बाढ़ का पानी घुस गया है। जिससे लोगों के घर आंगन में पानी घुस गया है। जिससे लोगों के रहने खाने में परेशानी हो रहा है। जबकि लोगों का लगा लगाया फसल बर्बाद हो सकता है।

